

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 01, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 19 जुलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


**मुख्य अपडेट**


केजरीवाल सरकार ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए : आतिशी .... पेज 03

मिशन रोजगार : 'सपने हमारे, योगी सरकार की निष्पक्षता से हुए पूरे' .... पेज 05

बजरंग और विनेश को मिली बड़ी राहत, एशियाई खेलों के ट्रायल में नहीं लेना होगा भाग .... पेज 07


## वापस मिलेगा सहारा में फंसा 10 करोड़ लोगों का पैसा

### 'रिफंड पोर्टल' शुरू, जानें प्रोसेस; निवेशकों से रु 86,000 करोड़ से ज्यादा जुटाए थे

नई दिल्ली। सहारा इंडिया की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटीज में निवेश करने वाले 10 करोड़ लोगों का फंसा पैसा वापस मिलेगा। इसकी शुरुआत 5,000 करोड़ रुपए और 4 करोड़ निवेशकों से हो रही है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली में सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च किया। इन सोसाइटीज ने निवेशकों से 86,000 करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाए थे।



शाह ने कहा कि इस पोर्टल के जरिए सहारा के निवेशकों को अप्लाई करने के 45 दिन में पैसा वापस मिलेगा। ये पैसा सीधे अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा। पोर्टल के जरिए सहारा की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटी के निवेशक ही आवेदन कर सकते हैं। निवेशकों में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है।

ऊपर चार्ट में बताई गई पहली तीन सोसाइटीज के किसी भी जमाकर्ता जिसने 22 मार्च 2022 से पहले पैसा जमा किया हो वो रिफंड के लिए एलिजिबल है। वहीं स्टार्स मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड हैदराबाद के 29 मार्च 2023 से पहले के निवेशक आवेदन कर सकते हैं।

#### अभी केवल 10,000 रुपए तक का ही रिफंड मिलेगा

पहले फेज में जमाकर्ताओं को 10,000 रुपए तक का ही रिफंड मिलेगा। यानी अगर जमा राशि 20,000 भी है तब भी केवल 10,000 रुपए ही ट्रांसफर होंगे। लगभग 1.07 करोड़ निवेशक ऐसे हैं जिन्हें पूरा पैसा मिलेगा क्योंकि उनका निवेश 10,000 रुपए तक का है। शाह ने कहा कि पहले फेज में कुल 4 करोड़ निवेशकों को रिफंड दिया जाएगा। 5000 करोड़ रुपए के रिफंड के बाद, हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और उनसे ज्यादा फंड जारी करने का अनुरोध करेंगे ताकि 10,000 से ज्यादा राशि वाले निवेशकों को पूरा पैसा लौटाया जा सके।

## ट्रक और जीप की टक्कर में छह लोगों की मौत, तीन घायल



ठाणे। महाराष्ट्र के भिवंडी के समीप मुंबई-नासिक राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक और एक जीप की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब मुंबई की ओर जा रहे कंटेनर ट्रक ने खड़वली फाटा पर जीप को टक्कर मार दी। इस हादसे में जीप राजमार्ग से कम से कम 50 फीट दूर जा गिरी। जीप में सवार दो महिलाओं समेत छह यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चिन्मयी विकास शिंदे (15), चैताली सुशांत पिंपले (27), संतोष अनंत जाधव (50), वसंत धर्म जाधव (51), रिया किशोर पारसेधी और प्रज्वल शंकर फिरके के रूप में की गई है। घायलों की पहचान क्रुणाल ज्ञानेश्वर भामरे (22), चेतना गनेह वाझे (29) और दिलीप कुमार विश्वकर्मा (30) के रूप में की गई है।

## जम्मू-कश्मीर में चार आतंकवादी ढेर

### 9 घंटे तक चला एनकाउंटर, एक दिन पहले एलओसी के पास दो घुसपैठिए ढेर किए थे

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ के सिंधरा इलाके में सुरक्षा बलों ने संयुक्त ऑपरेशन में चार आतंकियों को मार गिराया है। ऑपरेशन में मारे गए सभी आतंकवादी विदेशी हैं।

सोमवार रात करीब 11: 30 बजे शुरू हुई मुठभेड़ मंगलवार सुबह तक चली। 9 घंटे के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी हुई। भारतीय सेना के विशेष बल, राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान इस ऑपरेशन का हिस्सा थे।

इंडियन आर्मी ने बताया, ऑपरेशन त्रिनेत्र 2 के तहत पुंछ इलाके में घेराबंदी के बाद तलाशी अभियान चलाया गया था।

#### एक दिन पहले एलओसी के पास दो घुसपैठिए मारे गए थे

भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस पिछले दो दिनों से सर्च ऑपरेशन चला रही है। सोमवार को जाइंट ऑपरेशन में दो घुसपैठियों को मार गिराया गया था। सेना के मुताबिक, बॉर्डर के करीब संदिग्ध गतिविधि नोटिस की गई थी। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया।





पुंछ जिले में एक ऑपरेशन के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद होने के बाद प्रदर्शित किया गया।

## पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता घायल

अजमेर । राजस्थान के अजमेर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्चा के राजस्थान लोकसेवा आयोग (आरपीएससी) महाघेराव में मंगलवार को पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा के दो दर्जन कार्यकर्ता घायल हो गए। महाघेराव के दौरान अवरोधक को तोड़कर जाना चाह रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं और उनके नेताओं को पुलिस ने धारा 144 और आयोग में चल रहे साक्षात्कारों का हवाला देकर रोकना चाहा लेकिन कार्यकर्ता नहीं रूके। इस पर पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा ।पुलिस ने इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी तथा सांसद बालकनाथ एवं विधायक वासूदेव देवनानी सहित कई भाजयुमों कार्यकर्ताओं साथ हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में अन्यत्र जगह ले जाकर छोड़ दिया गया। घायलों में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, मोर्चे के शहर अध्यक्ष राहुल जायसवाल , उपमहापौर नीरज जैन एवं अन्य कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## 'एनडीए' बनाम 'इंडिया'

### 26 विपक्षी दलों ने बेंगुलरु में बनाया नया गठबंधन

बेंगलुरु। कांग्रेस समेत देश के 26 विपक्षी दलों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को अगले साल होने वाले आम चुनाव में मिलकर चुनौती देने के लिए मंगलवार को यहां 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस) के गठन की घोषणा की।

बैठक में शामिल नेताओं ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की जगह स्थापित किये जा रहे इस नये गठबंधन के नेताओं ने इसके संचालन के लिए एक समन्वय समिति बनाने और अगली बैठक मुम्बई में करने का फैसला लिया है। दो दिन चली बैठक के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, हमने 11 लोगों की एक समन्वय समिति बनाने का फैसला किया है। इसके लिए सह-संयोजक बनाये जायेंगे और अगली बैठक मुम्बई में होगी।



पिछले माह 16 विपक्षी दलों की बैठक पटना में हुई थी, जिसके लिए न्योता बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यू) नेता नीतीश कुमार ने दिया था। बेंगलुरु बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी भी शामिल थे। बैठक के बाद श्री खड़गे समेत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने वाले विपक्षी नेताओं ने नरेन्द्र मोदी सरकार की तथाकथित विभाजनकारी और जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि बेंगलुरु में एक नयी शुरुआत हुई है और इसके जरिए विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ एक राष्ट्र की ओर से चुनौती देने के लिए खड़ा हुआ है।

संवाददाता सम्मेलन को तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के राहुल गांधी ने संबोधित करते हुए मोदी सरकार सरकार पर तीखे हमले किये।

बनर्जी ने कहा, बेंगलुरु में अच्छी शुरुआत हुई है। हमने इस गठबंधन 'इंडिया' का गठन किया है। यह देश भर में खरीद-फरोख्त की राजनीति कर रही भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ देश की ओर से वास्तविक चुनौती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने विरोधियों के खिलाफ केन्द्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सरकार के अधिकारियों के स्थानांतरण और नियुक्ति पर नियंत्रण संबंधी केन्द्र के अध्यादेश के विरोध पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन हासिल करने के बाद विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए श्री केजरीवाल ने कहा, आज से नौ साल पहले मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनी। उसके सामने देश के लिए काम करने का बड़ा अवसर था, लेकिन वह हर मोर्चे पर विफल रही है।

## रेसलर्स यौन शोषण केस में बृजभूषण को राहत

### 20 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

पानीपत। महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप झेल रहे भारतीय कुश्ती संघके पूर्व अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण और संघ के सेक्रेटरी विनोद तोमर को मंगलवार को 25-25 हजार के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी। सुनवाई के दौरान बृजभूषण के वकीलों ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बिना जांच के चार्जशीट दायर की है। इन केसों में 5 साल से ज्यादा सजा का प्रावधान नहीं है। दिल्ली पुलिस से पूछा-जमानत के लिए आपके क्या तर्क हैं ?। इस पर दिल्ली पुलिस ने कहा-हमने बृजभूषण को गिरफ्तार नहीं किया है, लेकिन जमानत देने में शर्त तो होनी ही चाहिए। इस पर कोर्ट ने बृजभूषण को 20 जुलाई तक अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में गुरूवार यानी 20 जुलाई को दोपहर साढ़े 12 बजे रेगुलर जमानत पर सुनवाई होगी। बृजभूषण कोर्ट के सम्मन के बाद यहां पेश हुए थे।



## दिल्ली में अगले 5 दिन बारिश का अलर्ट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को यमुना का जलस्तर और घट गया। दोपहर 3 बजे वाटर लेवल 205.46 मीटर रिकॉर्ड किया गया। उधर, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अपील की है कि अभी वे रिलीफ कैंप में ही रहें क्योंकि यमुना के जलस्तर में लगातार बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग ने दिल्ली में अगले 4-5 दिनों तक गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की चेतावनी जारी की है। सोनाली नदी का बांध टूटने से उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के लक्सर कस्बे में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। हिमाचल में बारिश से मची तबाही में अयोध्या से कुल्लू गए एक ही परिवार के 11 लोग लापता हैं। शिमला में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कालका-शिमला ट्रेन लाइन पर 6 अगस्त तक ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं।

**बैठक**





राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे और अन्य एनडीए नेता।

## मानहानि : सुप्रीम कोर्ट राहुल की याचिका पर 21 को करेगा सुनवाई



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मोदी सरनेम की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि का दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर उनकी विशेष अनुमति याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के विशेष उल्लेख के दौरान शीघ्र सुनवाई के अनुरोध पर सहमति व्यक्त करते हुए मामले को 21 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। सिंघवी ने कांग्रेस नेता का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका पर शुक्रवार या सोमवार को सुनवाई करने का अनुरोध किया।

## चंद्रयान-3 मिशन निर्धारित समय पर, तीसरी कक्षा में आगे बढ़ने की प्रक्रिया सफल

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि देश का तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3 निर्धारित समय पर है और उसने तीसरी कक्षा में आगे बढ़ने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया है। योजना के अनुसार अंतरिक्ष यान ने 51400 किमी गुणा 228 किमी कक्षा प्राप्त की है। चंद्रयान-3 को शुक्रवार को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था। इसरो ने कहा कि योजना के अनुसार अंतरिक्ष यान ने 51400 किमी गुणा 228 किमी कक्षा प्राप्त की है और अगली कक्षा में 20 जुलाई को दोपहर दो बजे से तीन बजे के बीच करने की योजना है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यान की स्थिति सामान्य है। इसरो ने एक ट्वीट में कहा कि चंद्रयान-3 मिशन निर्धारित समय पर है और कक्षा को ऊपर उठाने का तीसरा अभियान आईएसटीआरएसी/इसरो, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक किया गया।

## विपक्ष पर मोदी का वार : कहा राजग को फिर जिताने का मन बना चुकी है जनता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतातांत्रिक गठबंधन (राजग) के विरुद्ध मोर्चाबंदी करने में लगी विपक्षी पार्टियों पर मंगलवार को तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की बदहाली तथा भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद की राजनीति के लिए जिम्मेदार कुछ लोग आम चुनाव से पहले अब अपनी दुकान खोल कर बैठ गए हैं और वे जनता में भ्रम फैलाते हैं।

मोदी ने यह भी कहा देश की जनता 2024 में एक बार फिर उनकी (राजग की) सरकार को वापस लाने का मन बना चुकी है। प्रधानमंत्री सुबह पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि कांग्रेस और 25 अन्य दलों ने बेंगलुरु में दो दिन की बैठक के बाद आज शाम 'इंडिया'(इंडियन नेशनल डेवलमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) नाम से एक नया गठबंधन बनाने की घोषणा की है और ये पार्टियां इसके लिए एक समन्वय समिति गठित करने वाली हैं।

## छत्तीसगढ़ कथित शराब घोटाले की ईडी जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 2,000 रुपये के कथित शराब घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच पर मंगलवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी जांच पर रोक लगाने वाला अंतरिम आदेश पारित किया।



छत्तीसगढ़ सरकार ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए अप्रैल 2023 में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। राज्य सरकार की याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कथित तौर पर केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों के द्वारा अपने विपक्षी राज्य सरकार को डराने, परेशान करने और सामान्य कामकाज में गड़बड़ी करने के लिए किया जा रहा है।

शीर्ष अदालत के समक्ष मंगलवार 18 जुलाई को छत्तीसगढ़ सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी ने सुनवाई के दौरान कहा, ईडी राज्य के अधिकारियों को परेशान कर रही है। उन्हें अब अपनी संपत्तियों का खुलासा करने के लिए नोटिस मिला है ताकि उसे कुर्क किया जा सके। यह चौंकाने वाला तरीका है कि ईडी आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने दावा किया था कि केंद्रीय एजेंसी कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री को फंसाने का प्रयास कर रही थी। शीर्ष अदालत ने छत्तीसगढ़ सरकार के आरोपों के बाद इस साल मई में ईडी से कहा था कि वह डर का माहौल पैदा न करे। सिब्बल ने तब दलील दी थी कि ईडी मनमानी कर रही है। इस केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी उत्पाद शुल्क अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं।

**सड़क हादसा**

### ओवरटेक कर रही ऑल्टो दो ट्रक के बीच में फंसी; गाड़ी काटकर निकाले गए शव

## कार में परिवार के 4 लोगों की जिंदा जलकर मौत

सहारनपुर। सहारनपुर में मंगलवार दोपहर कार और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार में आग लग गई। इसमें दो दंपती यानी 4 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। सभी कार सवार एक रिलेटिव के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। सभी की उम्र 50 साल से ज्यादा थी।

टक्कर के बाद कार लॉक हो गई, ऐसे में कोई बाहर नहीं निकल पाया। आग लगने से जो जिस सीट पर बैठा था, उसी पर जिंदा जल गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने कार को कटर मशीन से काटकर शव बाहर निकाले। शव की पहचान करना मुश्किल हो गया। हादसा देहरादून-अंबाला हाईवे पर रामपुर मनिहारन में हुआ है।

#### हरिद्वार से हरियाणा जा रहे थे सभी

पुलिस ने बताया कि कार सवार परिवार हरिद्वार के ज्वालापुर का रहने वाला है। मृतकों की शिनाख्त उमेश गोयल (70), उनकी पत्नी सुनीता गोयल (65), अमरीश जिंदल (55) और उनकी पत्नी गीता जिंदल (50) के तौर पर हुई है। उमेश की बहन हरियाणा के जगाधरी में रहती हैं। उनकी सास का देर रात निधन हो गया था। पूरा परिवार अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।



#### हाईवे पर वनवे और ओवरटेक से हुआ हादसा

जिस फ्लाईओवर पर हादसा हुआ वहां एनएचएआई ने मरम्मत के चलते वन-वे कर रखा था। पुलिस ने बताया कि ट्रक आगे चल रहा था। कार ने ओवरटेक करने की कोशिश की। लेकिन, चालक ट्रक की स्पीड का अंदाजा नहीं लगा पाया।

गाड़ी आगे-पीछे दो ट्रकों के बीच फंस गई थी। पीछे चल रहे ट्रक ने जब गाड़ी में टक्कर मारी तो आगे वाले ट्रक में जाकर लगी। इससे गाड़ी दोनों ओर से पिचक गई। इसके बाद गाड़ी में आग लग गई। यह सब जितनी जल्दी हुआ कि गाड़ी में सवार लोग समझ नहीं पाए। गाड़ी से वह निकल भी नहीं पाए।

टक्कर से कार में आग लग गई। चंद सेकेंड में पेट्रोल टैंक तक पहुंच गई। इसके बाद आग विकराल हो गई। आसपास के लोगों ने कार सवार लोगों को बचाने की कोशिश की। लेकिन, गाड़ी लॉक हो गई और आग बढ़ती ही जा रही थी। इसके चलते कोई पास नहीं जा पाया। थोड़ी देर बाद जब फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

फिर फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने शव को बाहर निकाला। हादसे की भयावहता को अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार की सीट पर आगे बैठे हुए शव में सीट बेल्ट बंधी हुई थी। यानी, भीषण आग में कार सवार लोगों को सीट बेल्ट तक नहीं खोल पाए।

## सभी की क्षमताओं के उपयोग से ही सशक्त बनेगा भारत : मेघवाल

केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान सरकार 'सबका साथ सबका विकास' का उद्देश्य लेकर चल रही है तथा राष्ट्र के निर्माण में दिव्यांग जनों का भी समुचित सम्मान और उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। मेघवाल में साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय दिव्यांग लेखक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मेलन इन सबको एक मंच प्रदान करने के लिए श्रेष्ठ कदम साबित होंगे।



नई दिल्ली
बुधवार 19 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### आतंकवादी हमला: प्रवासी मजदूरों पर हमले के बाद शोपियां के थानेदार को हटाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादी हमले में बिहार के तीन श्रमिकों के घायल होने के कुछ दिनों बाद शोपियां थाना प्रभारी (एसएचओ) गुलाम जिलानी भट को हटाकर उन्हें रेंज पुलिस मुख्यालय (आरपीएचक्यू) अनंतनाग भेजा गया है और इस मामले में जांच लंबित है। दक्षिण कश्मीर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रईस मोहम्मद भट की ओर से सोमवार को जारी एक आदेश में कहा गया कि गैग्रेन शोपियां में 13 जुलाई को लगभग साढ़े आठ बजे आतंकवादियों ने तीन अस्थायी श्रमिकों पर हमले के मद्देनजर, निरीक्षक गुलाम जिलानी भट्ट (एडब्ल्यूपी) (एसएचओ पी/एस शोपियां) को जांच लंबित रहने तक आरपीएचक्यू अनंतनाग से सम्बद्ध किया गया है और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शोपियां जिले में 13 जुलाई की शाम को एक आतंकवादी हमले में बिहार के सुपौल के रहने वाले तीन प्रवासी मजदूरों अनमोल कुमार, पिंटू कुमार ठाकुर और हीरालाल यादव को गोली मार दी गई और जिसमें तीनों घायल हो गए थे। इस साल कश्मीर में गैर-स्थानीय लोगों और अल्पसंख्यकों पर यह तीसरा हमला था।

### सिरसा जलघर में डूबने से दो बच्चों की मौत

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा शहर की चतरगढ़पट्टी जलघर में सोमवार को डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद से दोनों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है। गौरतलब है कि चतरगढ़पट्टी जलघर में इस प्रकार की पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस के अनुसार चतरगढ़पट्टी निवासी सुधांशु (6) व मनीष (9) चचेरे भाई थे। दोनों का घर जल घर के पास ही है। आज सुबह दोनों स्कूल की छुट्टी जल्दी हो गई जिससे घर लौटकर जल घर के पास खेलने लगे। सुधांशु के नाना करीब 11 बजे उसे बुलाने गये तो दोनों को जलघर की डिग्गी में हाथ पैर मारते देखा। इसके बाद शोर मचाने पर लोग वहां आए और डिग्गी में छलांग लगाकर सुधांशु और मनीष को बाहर निकाला। तत्पश्चात दोनों को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने दोनों की जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे दोनों के परिवारों में मातम पसर गया। मृतक सुधांशु यादव स्कूल में कक्षा दूसरी का छात्र था। जबकि मनीष केंद्रीय विद्यालय में कक्षा तीसरी में पढ़ता था। बताया जा रहा है कि जलघर के पास खेलते हुए सुधांशु व मनीष का पैर फिसल गया, जिससे दोनों डिग्गी में जा गिरे। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### रिजिजू ने अरुणाचल में विकास परियोजनाओं की समीक्षा के लिए समन्वय बैठक की

ईटानगर। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में विकासात्मक परियोजनाओं पर केंद्रित समीक्षा और समन्वय बैठक की। बैठक में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), दूरसंचार विभाग और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सीमांत राज्य में वाइब्रेंट विलेजेज योजना, सड़क बुनियादी ढांचे की प्रगति और दूरसंचार सुधार पर विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने परियोजनाओं, उनकी वर्तमान प्रगति और अनुमानित समापन तिथियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। केंद्रीय मंत्री के कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये परियोजनाएं एक सुरक्षित, परस्पर जुड़े और बुनियादी ढांचे की दृष्टि से मजबूत अरुणाचल प्रदेश की दृष्टि को दर्शाती हैं। इन परियोजनाओं को अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के प्रगतिशील नेतृत्व में सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। रिजिजू ने दूरसंचार विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए मिशन 500 – 4जी संतृप्ति परियोजना के त्वरित निष्पादन के लिए सहयोग के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने निष्पादन एजेंसियों से अपने प्रयासों को बढ़ाने और बढ़ावा देने तथा केंद्र और राज्य सरकार तथा बीआरओ के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का आग्रह किया।

### सड़क बाधित होने पर बीकेटीसी के विश्राम गृह में यात्रियों को मिलेगी निशुल्क आवास व्यवस्था

**चमोली।** मानसून के मौसम में उत्तराखंड के मार्ग बाधित होने पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के यात्रा मार्गों पर स्थित विश्रामगृह में तीर्थयात्रियों को मंदिर समिति के आवास गृहों में निशुल्क आवास ब्यवस्था उपलब्ध की जायेगी। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में मानसून काल में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु/ तीर्थयात्री बदरीनाथ और केदारनाथ धाम की यात्रा पर जा रहे हैं। भारी वर्षा के कारण कई बार सड़क मार्ग बाधित हो जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में कतिपय श्रद्धालुओं/ तीर्थ यात्रियों को आवास इत्यादि की असुविधाओं का भी सामना करना पड़ता है। बीकेटीसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी निर्देश हैं कि बरसात के दौरान सड़क बाधित होने पर तीर्थयात्रियों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ और केदारनाथ यात्रा के दौरान मार्ग बाधित होने पर तीर्थयात्रियों को आवास संबंधी दिक्कत न हो इसके लिए मंदिर समिति ने यह कदम उठाया है।

### डॉ.खूबचंद बघेल ने अपने विचार मूल्यों से छत्तीसगढ़ को दी नई दिशा: भूपेश


रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता सेनानी और साहित्यकार डॉ. खूबचंद बघेल को नमन करते हुए कहा हैं कि उनके विचार मूल्यों ने छत्तीसगढ़ को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री ने डा.बघेल की जयन्ती पूर्व संध्या पर आज यहां जारी संदेश में कहा कि खूबचंद जी किसान-मजदूर हितैषी और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर जीवन के अंतिम समय तक छत्तीसगढ़ की सेवा करते रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन छत्तीसगढ़ के हितचिंतन में लगा दिया। उन्होने अपने विचार मूल्यों से छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा दी। समाज सुधारक, संवेदनशील साहित्यकार और कुशल चिकित्सक के रूप में उन्होंने ख्याति अर्जित की। साहित्य सृजन, लोकमंचीय प्रस्तुति तथा बोल-चाल में वे छत्तीसगढ़ी के पक्षधर थे। वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्नदृष्टा के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होने कहा कि अध्ययन के दौरान ही डॉ. साहब राष्ट्रीय विचारधारा से प्रभावित होकर राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करने लगे। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर उन्होंने गांव-गांव घूमकर सैकड़ों युवाओं को स्वदेशी आंदोलन से प्रेरित किया और स्वाधीनता संग्राम से उन्हें जोड़ा। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके द्वारा लिखे नाटकों ने भी जनमानस पर गहरा प्रभाव डाला।

### मध्यप्रदेश में सड़क और फ्लाई-ओवर निर्माण के लिये 1881 करोड़ की स्वीकृति

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आज यहां मंत्रालय में संपन्न हुयी जिसमें प्रदेश में फोरलेन मार्ग और फ्लाई-ओवर निर्माण के क्षेत्रों में मंजूरी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मंत्रिपरिषद ने केंद्रीय सड़क अधो-संरचना निधि अंतर्गत सीहोर जिले में मालीवाया से सलकनपुर-नीलकछार तक फोरलेन मार्ग का निर्माण 147 करोड़ 92 लाख रूपये तथा राज्य योजना मद आयोजन अंतर्गत खण्डवा जिले में इंदौर इच्छापुर मार्ग से ओंकारेश्वर नये बस स्टैण्ड तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य के लिए लागत 193 करोड़ 22 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया। केन्द्रीय सड़क अधोसरंचना निधि आयोजन अंतर्गत सतना जिले में नागोद से मैहर व्हाया सुरदहा परसमनिया-रामपुर-मैहर मार्ग का निर्माण लागत राशि 178 करोड़ 22 लाख, सागर जिले में शाहपुर-रंगोली-गिरवर-भैंसवाही-हिनगन-ढाना-भोकलपुर चौराहा (एन.एच.-44) तक मार्ग का निर्माण लागत राशि 129 करोड़ 81 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया।

# केरल के पूर्व सीएम ओमान चांडी का बेंगलुरु में निधन

## पिछले लंबे समय से बीमार थे, बेंगलुरु में चल रहा था इलाज



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी का मंगलवार सुबह बेंगलुरु में निधन हो गया। वे 79 साल के थे। ओमान चांडी पिछले लंबे समय से बीमार थे, उनका बेंगलुरु में इलाज चल रहा था।

उनके बेटे ने फेसबुक पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अप्पा नहीं रहे। वहीं, केरल कांग्रेस के अध्यक्ष के सुधाकरण ने ट्विटर पर इसकी जानकारी शेयर की।

बेंगलुरु में विपक्षी एकता बैठक से पहले सोनिया, राहुल, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई कांग्रेसी नेता उनके अंतिम दर्शन करने और परिवार से मिलने पहुंचे।

### नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- केरल के पूर्व मख्यमंत्री और पक्के कांग्रेसी ओमान चांडी जननायक के तौर पर ऊंचा कद रखते थे। उनकी अटूट निष्ठा और दूरदर्शी नेतृत्व ने केरल के विकास और देश के राजनीतिक परिदृश्य पर गहरी छाप छोड़ी है। उन्हें उनके समपर्ण और सेवाभाव के लिए याद रखा जाएगा। उनके परिवार और समर्थिकों के साथ संवेदनाएं हैं।

केरल के मुख्यमंत्री पिन्नाराई विजयन ने ट्वीट कर ओमान चांडी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा- हम दोनों एक ही साल विधानसभा में चुने गए थे। हम एक साथ स्टूडेंट लाइफ से राजनीति की दुनिया में आए। हम एक साथ पब्लिक लाइफ का हिस्सा रहे। ऐसे में उन्हें अलविदा कह पाना बहुत मुश्किल हो रहा है। ओमान चांडी काबिल प्रशासक थे जो लोगों की जिंदगी में करीब से जुड़े थे।

केरल कांग्रेस अध्यक्ष के सुधाकरण ने लिखा- जिस राजा ने प्यार की ताकत से सारी दुनिया पर विजय पा ली, उसकी कहानी का आज गरिमापूर्ण अंत हो गया।

आज एक महान व्यक्तित्व के जाने से मैं दुखी हूं। उन्होंने अनगिनत लोगों की जिंदगी संवारी थी, उनकी लीगेसी हमेशा हमारे साथ रहेगी।

भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने ट्विटर पर लिखा- पूर्व केरल सीएम और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओमान चांडी के जाने से दुखी हूं। वे दूरदर्शी सोच वाले राजनेता और लोगों के विनम्र सेवक थे। उनकी विरासत करोड़ों लोगों के दिल में बनी रहेगी। उनके परिवार और समर्थकों को मेरी सहानुभूति।

## सिरसा में स्कूल बस पलटी, 15 बच्चे चोटिल



**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा के गांव मौजगढ़ व मसीतां के बीच सोमवार की सुबह एक प्राइवेट स्कूल की बस चालक की कथित लापरवाही के कारण खेत में जा पलटी। बस पलटते ही बच्चों ने चीखपुकार की जिससे आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े आए और बस के खिड़कियों के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। इस घटना में क रीब 15 बच्चों को चोट पहुंची है, जिन्हें नजदीक के अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया गया। डबवाली सदर थाना पुलिस के अनुसार मंडी डबवाली के निजी शिक्षण संस्थान मैरीलेंड स्कूल की बस आज सुबह 8 बजे मौजगढ़ ढाणियों के बच्चों को लेकर कच्चे रास्ते से मसीतां की ओर जा रही थी। जैसे ही स्कूल बस कच्चे मार्ग पर उबड़-खाबड़ जगह में पहुंची तो मोबाइल फोन पर मशगूल चालक से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बच्चों की चीख पुकार सुनकर साथ के खेतों में काम कर रहे लोग भागे ओर आस-पास के गांवों में इसकी सूचना दी। वहां मौजूद लोगों ने बस के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। इसी दौरान घटनास्थल पर अभिभावकों व ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। बिना किसी देरी के अभिभावक अपने-अपने बच्चों को लेकर अस्पतालों की ओर दौड़ पड़े। वहीं, स्कूल संचालक पर लोगों ने आपत्ति जताते हुए अनाप-शनाप आरोप भी जड़े। उधर, स्कूल प्रबधं कमेटी ने इस बात को स्वीकारा की ड्राइवर की लापरवाही के चलते ही यह घटना घटित हुई है।

### पिकअप वाहन में मवेशियों को ले जाते तीन आरोपी गिरफ्तार

रतलाम। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले की ढोढर थाना पुलिस ने पिकअप वाहन में मवेशियों को ले जाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात्रि माननखेडा टोल के समीप से गुजर रही सफेद रंग की एक पिकअप वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में आठ मवेशियों को मुक्त कराया गया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## उधमपुर में निर्माणाधीन इमारत गिरी, तीन मजदूरों को बचाया

जम्मू। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में मंगलवार को हुए भूस्खलन में एक निर्माणाधीन इमारत के गिरने से कम से कम पांच मजदूर मलबे में दब गये, जिनमें से तीन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

पुलिस ने कहा कि उधमपुर में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से एक निर्माणाधीन इमारत गिर गई जिससे पांच मजदूर मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों, सेना और प्रशासन के अधिकारियों के साथ पुलिस तुरंत हरकत में आयी और बचाव अभियान शुरू किया।

पुलिस ने कहा कि तीन मजदूरों को बचा लिया गया है और जो घायल हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### तेलंगाना में ने बोधन फर्जी वाणिज्यिक कर चालान मामले में आरोपपत्र दाखिल

हैदराबाद। तेलंगाना अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने निज़ामाबाद जिले के बोधन टाउन पुलिस स्टेशन के बोधन फर्जी वाणिज्यिक कर चालान मामले में आरोप पत्र दायर किया है। मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, इस मामले में विश्वास का आपराधिक उल्लंघन, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश शामिल है, और यह 2012 में वाणिज्यिक कर कार्यालय, बोधन में हुआ था। आरोपियों में सिम्हाद्रि लक्ष्मी शिवराज, उनके बेटे सिम्हाद्रि वेंकट सुनील और कई अन्य स्टाफ सदस्य शामिल हैं। वाणिज्यिक कर विभाग के कुछ अधिकारियों के साथ, फर्जी चालान बनाने, वैटिस पोर्टल में गलत प्रविष्टियां दर्ज करने और सरकारी खजाने को 231,22,76,967 रुपये का नुकसान पहुंचाने की साजिश का आरोप है। वाणिज्यिक कर अधिकारी (सीटीओ), बोधन सर्कल, निज़ामाबाद जिला एल विजयेंद्र ने 02 फरवरी, 2017 को शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें वैट/सीएसटी कर खातों के भुगतान में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार को कर राजस्व में महत्वपूर्ण नुकसान हुआ था और कुछ ग्राहकों के लिए गैरकानूनी लाभ। मामला शुरू में भादस की विभिन्न धाराओं के तहत में दर्ज किया गया था और बाद में आगे की जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया गया था।

## द्वीप क्षेत्र लंबे समय तक विकास से वंचित : मोदी

एजेंसी



पोर्ट ब्लेयर/कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश के आदिवासी और द्वीप क्षेत्र लंबे समय तक विकास से वंचित थे जिनपर उनकी सरकार ने ध्यान दिया तथा पिछली सरकारों की इन गलतियों को सुधारा।

मोदी ने पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की पट्टिका का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अनावरण के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि भले ही आज का कार्यक्रम पोर्ट ब्लेयर में हो रहा है, लेकिन पूरा देश उत्सुकता से केंद्र शासित प्रदेश की ओर देख रहा है क्योंकि वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की यात्री प्रबंधन क्षमता बढ़ाने की मांग पूरी हो रही है।

लगभग 710 करोड़ रुपये की निर्माण लागत से निर्मित, नया टर्मिनल भवन सालाना लगभग 50 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम है।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित रहने की इच्छा भी व्यक्त की क्योंकि वह खुशी के माहौल और नागरिकों के खुश चेहरों का अनुभव कर सकते थे। उन्होंने कहा, जो लोग अंडमान जाना चाहते थे, उन्होंने बड़ी क्षमता वाले हवाई अड्डे की भी मांग की।

पोर्ट ब्लेयर में हवाई अड्डे की सुविधाओं के विस्तार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अब तक मौजूदा टर्मिनल में 4000 पर्यटकों को संभालने की क्षमता थी और नए टर्मिनल ने यह संख्या 11,000 कर दी है और 10 हवाई जहाज अब हवाई अड्डे पर किसी भी समय पार्क किए जा सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि अधिक उड़ानें और पर्यटक क्षेत्र में अधिक नौकरियां लाएंगे।

मोदी ने कहा कि भारत में विकास का दायरा लंबे समय तक बड़े शहरों तक ही सीमित रहा और देश के आदिवासी और द्वीप क्षेत्र लंबे समय तक विकास से वंचित थे। पिछले नौ वर्षों में वर्तमान सरकार ने पूरी संवेदनशीलता के साथ न केवल पिछली सरकारों की गलतियों को सुधारा है बल्कि एक नयी व्यवस्था भी बनाई है।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया में द्वीपों और छोटे तटीय देशों के ऐसे कई उदाहरण हैं जिन्होंने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भले ही प्रगति का मार्ग चुनौतियों से भरा हो, लेकिन विकास सभी प्रकार के समाधानों के साथ आता है।

## बंगाल से राज्य सभा के लिए सभी सात उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित



कोलकाता। पश्चिम बंगाल से राज्य सभा के लिए सभी सात उम्मीदवार, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के छह और राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का एक उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुआ है। पश्चिम बंगाल विधानसभा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहली बार बंगाल से भारतीय जनता पार्टी का सदस्य संसद के उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुआ है। सोमवार को नाम वापसी की तिथि समाप्त होने के बाद इन सातों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्हें 'निर्वाचन प्रमाणपत्र' सौंप दिया गया है।

### पच्चीस जुलाई को संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा 5 स्थान से निकलेगी

भोपाल। संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा 25 जुलाई को मध्यप्रदेश में पाँच स्थान से निकलेगी। यात्रा नीमच, मांडव, सिंगरौली, बालाघाट और श्योपुर से निकलेगी और 12 अगस्त को सागर पहुंचेगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यात्रा के प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। यात्रा प्रदेश के 50 जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा में संत रविदास जी का चित्र, पादुका एवं कलश रहेगा, जिनका पूजन भी होगा। रथ पर सामाजिक समरसता की सूक्तियाँ भी उल्लेखित रहेगी।

### दुमका : अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, गांजा बरामद

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिला पुलिस ने अवैध तरीके से गांजा का तस्करी के करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नूर मुस्तफा ने मंगलवार को यहां बताया कि सूचना मिली कि गिरोह के सदस्य पाकुड़ ज़िले से गांजा लेकर दुमका आ रहे हैं। इस पर उनके नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई के मद्देनजर विशेष टीम गठित की गयी। इसमें दुमका के पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अरविंद कुमार, अवर पुलिस निरीक्षक सह अनुसंधान कर्ता अजित कुमार, रवि शंकर कुमार गौतम मेहता हवलदार जलेश्वर मंडल और दयाल सिंह मुंडा भी शामिल थे। मुस्तफा ने बताया कि सूचना पर गठित पुलिस टीम द्वारा नगर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस दुमका बस स्टैंड से दुधानी की ओर जा रहे एक टोटो को पकड़ा। तलाशी के क्रम में दो बैग में छुपा कर रखे 18 पैकेट गांजा बरामद किया जिसका वजन करीब नौ किलो है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में टोटो से उक्त बैग को लेकर जा रहे बिहार के बेगूसराय जिले के विष्णुपुर गांव के राजेश मंडल और लखीसराय जिले के पंजाबी टोला निवासी विनोद कुमार साह को गिरफ्तार कर लिया।

### आई एन डी आई ए एलायंस का मतलब परिवारवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज यूपीए गठबंधन के नए अवतार पर कड़ा प्रहार किया। मरांडी ने यहां कहा कि कहा कि सत्य और असत्य की लड़ाई युगों युगों से चलती आ रही है। इसलिए देश के निर्माण और विकास केलिए कार्य कर रही शक्ति के खिलाफ विघटन कारी तत्वों का एकजुट होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान बचाने के नाम पर एकजुट होने का दंभ भरने वाली शक्तियों ने सैकड़ों बार भारत के लोकतंत्र और संविधान को अपमानित किया है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से देश की सत्ता से बाहर ये दल आज अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवार केन्द्रित राजनीति को बचाना और भ्रष्टाचार को छुपाना इनका एकमात्र उद्देश्य है। जनता की सेवा से इनका कोई रिश्ता नाता नहीं है। मरांडी ने कहा कि इसके पूर्व भी कई राज्यों के विधानसभा चुनावों और पिछले लोकसभा चुनाव में इन दलों ने एकजुटता का नाटक जनता को दिखा दिया है लेकिन जनता इनपर भरोसा करना छोड़ चुकी है।उन्होंने कहा कि एक कंपनी ब्लैकलिस्टेड होने पर भ्रष्टाचारी कंपनी का रजिस्ट्रेशन दूसरे नाम से करा लेता है। ताकि नाम बदलकर जनता को धोखा दिया जा सके। लेकिन जनता अब समझदार हो चुकी है। जनता देखती है कि नए ब्रांड के मालिक और पार्टनर कौन है। उन्होंने कहा इंडिया एलायंस की नई जमात में वही हैं जिन्होंने देश को लुटा है, धर्म , संप्रदाय जाति के नाम पर बांटा है। कहा कि 20लाख करोड़ का घोटाला इसी गठबंधन के नाम दर्ज है।

### सोने एवं हीरे के खनिज ब्लॉकों के आबंटन के लिए ई-टेंडर जारी

रायपुर। जुलाई(वार्ता) छत्तीसगढ़ के खनिज विभाग द्वारा राज्य में तीन प्रीशियस मिनरल ब्लाक्स की नीलामी के माध्यम से आबंटन के लिए ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। जीएसआई( जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया) द्वारा किये गये प्रारंभिक सर्वे में इन ब्लाक में गोल्ड और डायमंड की संभावना बताई गई है। इसके लिए ई-नीलामी से आबंटन हेतु गत 06 जुलाई को एमएसटीसी पोर्टल में एनआईटी जारी किया गया है। भौमिकी एवं खनिकर्म के संयुक्त संचालक अनुराग दीवान ने बताया कि विश्व में प्रीशियस मिनरल्स की तेजी से बढ़ती माँग को दृष्टिगत रखते हुए राज्य द्वारा तीन प्रीशियस मिनरल ब्लॉक्स को नीलामी के माध्यम से आबंटन हेतु रखा है।

## धामी ने आपदा प्रबंधन केंद्र जाकर ली अतिवृष्टि की अद्यतन जानकारी




देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम से प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि की जानकारी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निर्देश दिए कि हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा जाय।

धामी ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपदा की स्थिति में लोगों को शीघ्र राहत मिले, इसके लिए पूरी तैयारी रखी जाए। जनपदों में खाद्य सामग्री, आवश्यक दवाइयों एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पूरी व्यवस्था रखी जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा के कारण सड़क, विद्युत, पेयजल व्यवस्थाएं बाधित होने की दशा में, सभी व्यवस्थाएं संबंधित विभागों से तत्काल सुचारू की जाय। उन्होंने सचिव, आपदा प्रबंधन को निर्देश दिए कि लक्सर, खानपुर एवं प्रदेश के अन्य ऐसे स्थानों जहां पर कम बरसात के बावजूद भी जलभराव की समस्याएं आ रही हैं, ऐसे स्थानों के लिए ड्रेनेज की उचित व्यवस्था हो, इसके लिए दीर्घकालिक प्लान बनाया जाय।

इस दौरान, सभी जिलाधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं, ताकि जनपदों में कुछ भी आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ द्वारा तैनात की गई फोर्स के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर सचिव सविन बंसल, एसीईओ आपदा प्रबंधन रिद्धिम अग्रवाल और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्थान विधानसभा में भाजपा एवं रालोपा ने किया सदन से बहिर्गमन



**जयपुर।** राजस्थान की पन्द्रहवीं विधानसभा के फिर से शुरु हुए अष्टम सत्र के मंगलवार को तीसरे दिन भी हंगामा हुआ और विपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के सदस्यों ने अलग अलग मुद्दों को लेकर सदन का बहिर्गमन किया।

शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव के तहत कर्ज माफी के मुद्दे को लेकर जब उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनियां बोल रहे थे कि इस दौरान निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा उठकर बोलने लगे। इस पर विपक्ष के सभी सदस्य खड़े हो गए और जोरजोर से बोलने लगे और सदन के वेल आ गए और नारेबाजी शुरु कर दी।

इससे सदन में शोरशराबा हुआ। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी ने नारेबाजी कर रहे विधायकों से अपनी जगह पर जाने के लिए कहा लेकिन वे नहीं माने और उनका प्रदर्शन जारी रहा। करीब चार मिनट नारेबाजी के बाद 12 बजकर 28 मिनट पर विपक्ष के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

इससे पहले इसी मुद्दे पर जब विधायक धर्मनारायण जोशी जब बोल रहे थे, इस बीच रालोपा के विधायक नारायण बेनीवाल खड़े होकर बजरी का मुद्दा उठाने के लिए बोलने लगे इस पर डा जोशी ने उन्हें टोका और इसकी अनुमति नहीं दी। अध्यक्ष ने कहा कि जब बिल पर चर्चा होगी उस दौरान उन्हें बोलना का पूरा मौका दिया जायेगा अभी अपनी जगह पर बैठे लेकिन बेनीवाल नहीं माने और वह अपने दो रालोपा विधायक पुखराजग गर्ग एवं इंदिरा के साथ हाथ में बजरी की दरे कम करो लिखी तख्तियां लेकर सदन के वेल में आ गए।

इस पर डा जोशी ने कहा कि वे नियम विरुद्ध नहीं चले और अपनी जगह पर चले जाये, नहीं तो उन्हें सदन से बाहर निकालने की कार्यवाही करनी पड़ेगी।

## राजस्थान विधानसभा में उठा किसानों के कर्ज माफी का मुद्दा

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने किसानों का कर्ज माफी का मुद्दा उठाया। शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव के तहत उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनियां ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि पांच पहले किसानों से कर्जमाफी का वादा करने के बाद भी आज तक किसानों की कर्जमाफी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इसलिए वर्ष 2019 में किसान सोहन लाल ने आत्महत्या कर ली और आत्महत्या करने से पहले अपना एक वीडियो बनाया कि वह राज्य सरकार की वादा खिलाफी से तंग आकर आत्महत्या कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य कई किसानों के भी आत्महत्या कर लेने के मामले सामने आये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 60 लाख किसान एक लाख करोड़ का कर्ज माफ का आज भी इंतजार कर रहे हैं।

नई दिल्ली
बुधवार 19 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

**जेवर।** जेवर में दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रैक पार करते वक्त एक किसान की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के लोगों ने शव को ट्रैक के नजदीक रखकर हंगामा किया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित परिवार को समझाने का प्रयास किया। परिवार के लोग शव को रखकर हंगामा किए। जमालपुर गांव निवासी सुंदर सिंह (57) मंगलवार की शाम रेलवे ट्रैक को पार कर घर लौट रहा था। उसी दौरान एक ट्रेन की चपेट में आकर उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने शव को रखकर हंगामा किया। परिवार के लोगों का आरोप है कि रेलवे विभाग से कई बार ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई है। क्योंकि गांव के सभी किसानों के खेत दूसरी तरफ है। जिसकी वजह से उनको जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में कई हादसे यहां पर इसी तरह हुए हैं। उसके बावजूद विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पीड़ित परिवार के साथ ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर हंगामा किया।

### सड़क हादसे में सिपाही की मौत

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे से सटे नेशनल हाईवे-9 पर सड़क हादसे में यूपी पुलिस के सिपाही की मौत हो गई। एक कार ने सिपाही की स्कूटी में टक्कर मार दी। खून से लथपथ सिपाही ने दम तोड़ दिया। पुलिस ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज देखकर कार नंबर की पहचान में जुटी हुई है। मृतक की पहचान सुशील कुमार के रूप में हुई है। सुशील मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले थे और गाजियाबाद में डायल-112 पर तैनात थे। ये हादसा एनएच-9 पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में हुआ, जब सुशील स्कूटी से ड्यूटी पर जा रहे थे। इस दौरान पीछे से एक कार ने स्कूटी को हिट किया। सिपाही सुशील का सिर जमीन से जा टकराया। उनके सिर से खून बहने लगा। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद आरोपी कार ड्राइवर फरार हो गया। बताया गया कि ये कार कोई महिला चला रही थी। पुलिस ने सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सीसीटीवी फुटेज के जरिये आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। उधर, शालीमार गार्डन क्षेत्र के गोल्ड प्लाजा चौक पर सड़क धंसने के कारण ट्रक पलट गया।

### राजमिस्त्री की हत्या में साथी अरेस्ट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने दो दिन पहले कंस्ट्रक्शन साइट की छत पर हुई राजमिस्त्री की हत्या का खुलासा कर दिया। हत्यारोपी उसका ही साथी निकला, जिससे शराब पीने के दौरान कहासुनी हो गई थी। आरोपी ने कुबूला कि मृतक राजमिस्त्री ने शराब पीने के दौरान उसको गालियां दे दी थी। इससे गुस्साकर उसने लोहे की रॉड मारकर राजिमस्त्री की जान ले ली। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट्स बन रहे हैं। 16 जुलाई को यहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड योगेश कुमार शर्मा ने पुलिस को सूचना दी कि निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत पर एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची। आधार कार्ड से मृतक की पहचान शिवकुमार शाह के रूप में हुई। 50 वर्षीय शिवकुमार मूल रूप से बिहार में सीवान जिले के गांव मंद्रौली का रहने वाला था। मृतक की पत्नी मिनतारा देवी ने पुलिस को बताया कि पति करीब दो महीने पहले मजदूरी करने ठेकेदार धर्मेंद्र के पास दिल्ली गए थे। पुलिस ने धर्मेंद्र से पूछताछ की। धर्मेंद्र ने बताया कि शिवकुमार ने शुरुआत में दिल्ली में काम किया। फिर उसने 15 जुलाई को शिवकुमार को गाजियाबाद में इस साइट पर काम करने के लिए भेजा था।

### मोदीनगर में दहेज को लेकर तीन तलाक

**मोदीनगर (गाजियाबाद)।** मुरादनगर के एक गांव में दहेज ना मिलने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पति सहित सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुरादनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का निकाह बीती 26 फरवरी 2023 को दिल्ली के हरिनगर की एक कॉलोनी निवासी इमरान से हुआ था। आरोप है कि कम दहेज लाने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में एक लाख रुपये और लाने की मांग कर रहे थे। दहेज ना लाने पर विवाहिता के साथ मारपीट की जाती थी। आरोप है कि चार जुलाई को महिला अपने कमरे में थी। इसी बीच देवर कमरे के अंदर आ गया और जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर कमरे से बाहर आई। महिला ने बताया कि इसकी जानकारी फोन पर अपने पति को दी। महिला का आरोप है कि पति फोन पर ही आग बबूला हो गया और तीन बार तलाक बोल दिया। पति अब हलाला कर दोबारा निकाह करने का दबाव बना रहा है।

### डीयू में दाखिले के लिए विषयों की सही मैपिंग जरूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम के दूसरे चरण में छात्रों का विषयों की सही मैपिंग करना भी जरूरी है। मैपिंग के तहत छात्रों को बारहवीं कक्षा में पढ़े गए विषयों को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) में चुने गए विषयों के साथ मैप करना है। विवि ने स्पष्ट किया है कि यदि छात्रों ने सही मैपिंग नहीं की तो वह इसके लिए जिम्मेदार होंगे। गलत मैपिंग से सीट आवंटन में परेशानी आ सकती है। दाखिले के लिए सोमवार को शुरू हुए दूसरे चरण में छात्रों को बारहवीं कक्षा में उनके द्वारा पढ़े गए विषयों को उन विषयों से जोड़ना होगा जिनमें वे सीयूईटी-2023 में उपस्थित हुए हैं। विवि ने स्पष्ट किया है कि केवल उन्हीं विषयों पर विचार किया जाएगा जिनमें छात्र ने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। यदि बारहवीं कक्षा में पढ़ा गया विषय सीयूईटी का हिस्सा नहीं था तो बारहवीं कक्षा में पढ़े गए विषय के समान या उसके करीब के विषय पर विचार किया जाएगा। यह जिम्मेदारी खुद उम्मीदवार की होगी कि वह सही सब्जेक्ट मैपिंग प्रदान करे।

### जेई निलंबन के विरोध में एचएसवीपी में हड़ताल, कामकाज रहा ठप

**गुरुग्राम।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के गुरुग्राम सहित दो कनिष्ठ अभियंताओं को निलंबित कर दिए जाने के विरोध में मंगलवार को सेक्टर-14 स्थित प्राधिकरण परिसर में कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इससे प्राधिकरण का काम ठप हो गया है। संयुक्त कार्य समिति के बैनर तले सभी कनिष्ठ अभियंता, क्लर्क, डीईओ, एसडीओ की गेट मीटिंग हुई। इसमें तय किया गया कि बुधवार से मुख्य प्रशासक के खिलाफ पोलखोल अभियान चलाया जाएगा। 20 जुलाई को मुख्य प्रशासक के भ्रष्टाचार के सबूत मुख्यमंत्री को दिए जाएंगे। संयुक्त समिति का आरोप है कि अभियंताओं को बिना किसी कसूर के ही निलंबित किया गया है। मंगलवार को एचएसवीपी ज्वाइंट एक्शन कमेटी गुरुग्राम के डिप्लोमा इंजीनियर यूनियन के अध्यक्ष एसडीओ संदीप लोट की अध्यक्षता में गेट मीटिंग और हड़ताल हुई। इसमें कहा गया कि गुरुग्राम के जेई योगेश कुमार और पंचकूला के जेई नवीन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। फरीदाबाद के जेई शैलेंद्र को चार्जशीट दी गई है। इसको लेकर प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी के खिलाफ स्टाफ विरोध में उतर आया है।

### पतंजलि योग शिविर में बुकिंग के नाम पर 73 हजार की ठगी

गुरुग्राम। साइबर सिटी में साइबर ठगों का आतंक फैला हुआ है। इस बार ठगों ने पतंजलि योग शिविर में कमरा बुक करने के नाम पर व्यक्ति से 73 हजार पांच सौ रुपये की ठगी की है। सेक्टर 50 थाना पुलिस अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सेक्टर 50 के निर्वाणा कंट्री निवासी राज कुमार अग्रवाल ने जनवरी माह में ऑनलाइन पतंजलि योग शिविर के लिए बुकिंग की। उसके बाद उन्हें वाट्सएप पर फोन आया और बुकिंग कन्फर्म कर एडवांस के रूप में रुपये मांगे गए। राजकुमार ने 3 फरवरी को दिए गए खाते में 73,500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। अब कोई फोन तक नहीं उठा रहा है। बता दें कि इस तरह के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

# केजरीवाल सरकार ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए : आतिशी

नयी दिल्ली। दिल्ली में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने और शिक्षकों के पेशेवर विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने अमेरिकी संस्थान रैंड कॉर्पोरेशन के साथ तीन साल के एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने एमओयू के विषय में जानकारी साझा करते हुए मंगलवार को कहा, दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी और रैंड कॉरपोरेशन के बीच यह पार्टनरशिप दिल्ली के एजुकेशनल ईको-सिस्टम को और बेहतर बनाने के हमारे प्रयास में एक और महत्वपूर्ण कदम है। रैंड कॉरपोरेशन के सपोर्ट और स्पेशलाइज़ेशन के साथ हमारा लक्ष्य शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक रिसर्च के साथ सशक्त बनाना और उन्हें ज़रूरी कौशलों से लैस करना है। इस दिशा में यह पार्टनरशिप दिल्ली की शिक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों में केजरीवाल सरकार ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। हमारा विज़न केवल वर्ल्ड-क्लास स्कूल बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि दिल्ली में वर्ल्ड-क्लास उच्च शिक्षा संस्थान स्थापित करना भी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का विज़न है कि दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा संस्थान न केवल भारत बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संस्थान बने। इस दिशा मे दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी दुनिया भर के बेहतरीन संस्थानों के साथ पार्टनरशिप कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह पार्टनरशिप दिल्ली के शिक्षा क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा जो शिक्षा में प्रभावी नीतियों और प्रथाओं के विकास को बढ़ावा देगा।

उल्लेखनीय है कि रैंड कॉर्पोरेशन अमेरिका स्थित एक नॉन-प्रॉफिट, नॉन-लीगल पब्लिक पॉलिसी थिंक टैंक है। रैंड कारपोरेशन द्वारा दिल्ली सरकार के शिक्षक विश्वविद्यालय के साथ हस्ताक्षर किए गए इस एमओयू का उद्देश्य रणनीतिक मुद्दों पर सपोर्ट करना, शिक्षण व अनुसंधान को नए स्तर पर लेकर जाना और प्रमुख पब्लिक पॉलिसी के मुद्दों पर चर्चा के लिए मंच तैयार करना है।

# राहत शिविर में आवश्यक सुविधाओं का इंतजाम

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविरों में खानपान के अलावा साफ़ सफ़ाई और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर इंतज़ाम किया है और अधिकारियों की टीम निरंतर इसकी निगरानी कर रही है। विवेक विहार के एसडीएम कमलेश कुमार ने मंगलवार को यहां गांधीनगर में पुराना लोहा पुल के ठोकर नंबर 21 के पास लगे राहत शिविर का दौरा करने के बाद 'यूनीवार्ता' से कहा कि ज़िला प्रशासन की तरफ़ से राहत शिविर में सभी प्रकार के इंतज़ाम किए गए है और वह स्वयं और वरिष्ठ अधिकारी इसकी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहत शिविर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और इसके लिए स्वास्थ्य की टीम सुबह नौ बजे से शाम पाँच बजे तक मौजूद रहती है।

कुमार ने बताया कि शाहदरा ज़िले में पांच ठोकरें हैं जहां पर यमुना का पानी छूता है लेकिन लेकिन सिर्फ़ ठोकर नंबर 21 के पास ही यमुना के किनारे लोग रहते है। यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद मुनादी की गई जिसके बाद कुछ लोग अपने रिश्तेदारों के पास चले गये जबकि तीस लोग यहाँ के राहत शिविर में रह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राहत शिविर में रहने वाले लोगों को सुबह नाश्ता और दो वक्त का खाना दिया जा रहा है। शिविर और उसके आसपास साफ़ सफ़ाई के लिए निगम के सफ़ाईकर्मियों को 24 घंटे तैनात किया गया है।

## बिजली संबंधित प्रमुख समस्याओं के बारें में अवगत कराया

गौतमबुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर के ग्राम सुत्याना कुलेसरा एवं हल्दौनी क्षेत्र के काफी संख्या में आये निवासियों ने माननीय सांसद डा. महेश शर्मा के नाम एक पत्र प्रेशित करते हुए सांसद प्रतिनिधी संजय बाली को सौंपा। वहां के निवासियों ने बिजली संबंधित प्रमुख समस्याओं के बारें में अवगत कराते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में बिजली के कनेक्षन घरों में नही है जिससे हम लोगों को अंधेरे में गुजारा करना पड़ता है। बहुत सारा हिस्सा ऐसा है जिसमें बिजली चल रही है परन्तु वहां पर ट्रांसफारमर कम क्षमता के लगे होने के कारण आये दिन वह खराब रहते है और कई दिनों तक ठीक भी नही होते। बार बार बिजली कटौती होती रहती है, जिससे हमारे बच्चों को पढ़ने लिखने में पेरशानी आती है। बिजली न होने के कारण पानी की उपलब्धता में भी बाधाा आती है उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल ही मेरे द्वारा नौएडा पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सारनाथ गांगुली जी से वार्ता कर कालानीवासियों के समस्याओं के बारें में फोन पर चर्चा की और उनको बताया कि जिन ट्रांसफारमरों की क्षमता कम और षीघ्र ही बदला जाये और अधिक क्षमता वाले ट्रांसफारमर स्थापित कराये जाये जिससे वहां पर रह रहें निवासियों को बिजली की समस्या का समाधान हो सकें। अधिकारियों ने भी कहा कि जल्द ही वहां का सर्वे कराकर उनकी समस्या का समाधान कराया जायेगा। कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनको डूब क्षेत्र होने के कारण तत्काल नहीं कराया जा सकता।

समस्या के तत्कालीन समाधान के लिए माननीय सांसद डा. महेश शर्मा ने एक पत्र द्वारा कुछ अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान कराया जाये।

# सोमनाथ भारती ने राहत शिविरों का लिया जायजा

## बाढ़ प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचा रही केजरीवाल सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार बाढ़ से प्रभावित दिल्लीवासियों को हर संभव मदद पहुंचाने की सभी कोशिश कर रही है। मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने मयूर विहार फेज-1, यमुना खादर और यमुना ब्रिज राहत शिविर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीजेबी उपाध्यक्ष ने शिविर में रह रहे बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री और फूड पैकेट भी वितरित किए। ब्रिजिंग दी गैप फाउंडेशन नाम की संस्था बाढ़ पीड़ितों को भोजन उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही है।

इस दौरान डीजेबी उपाध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित दिल्ली के छह जिलों लोगों के लिए सरकार ने स्कूलों या धर्मशालाओं में राहत शिविर लगाए हैं, जहां खाना-पानी और टॉयलेट्स का समुचित इंतज़ाम किया गया है। सोमनाथ भारती ने शिविरों में रह रहे लोगों से बातचीत कर उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार




बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ के चलते डीजेबी को वजीराबाद, ओखला और चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को बंद करना पड़ा था। लेकिन बीती रात से अब सभी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी पूरी क्षमता से काम कर रहे है।

प्लांट बंद होने से जिन इलाको में जलापूर्ति प्रभावित हुई थी उन इलाकों की जलापूर्ति सामान्य हो गई है। उन्होंने बीजेपी को नसीहत देते हुए कहा कि आपदा के इस वक्त में भी बीजेपी राजनीती करने से बाज़ नहीं आ रही है। बीजेपी को राजनीती करने की बजाय दिल्लीवासियों के हित में मिलकर काम करना चाहिए। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष जब से यमुना जी में बाढ़ आई है तब से ही बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

डीजेबी उपाध्यक्ष ने राहत शिविर पहुंच कर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हाल - चाल जाना। सोमनाथ भारती ने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि इस मुश्किल वक्त में पूरी केजरीवाल सरकार पीड़ितों के साथ है। उन्होंने लोगों से यमुना का पानी घर में घुसने से हुए नुकसान की जानकारी ली। कई लोगों ने बताया कि इससे उनका काफी नुकसान हुआ है। यमुना के पानी में उनके महत्वपूर्ण कागजात, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और अन्य सामान भी बह गए हैं। इस पर डीजेबी उपाध्यक्ष ने लोगों को आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी, जिससे कि नुकसान की भरपाई हो सके।

दिल्ली जल बोर्ड ने भी राहत शिविरों में रह रहे लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए टैंकर के विशेष इंतजाम किए है। अधिकारियों को साफ़ निर्देश दिए गए है कि शिविरों में पीने के पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। डीजेबी द्वारा इसके किये शिविरों में अधिकारियों की विशेष तैनाती की गई है।

अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि शिविरों में रह रहे लोगों को पर्याप्त मात्रा में साफ़ पानी उपलब्ध कराया जा सके।

# बाढ़ के बाद दिल्ली में निकल रहे सांप, ऐक्शन में दिल्ली सरकार

## बाढ़ का पानी उतरने के बाद, सांप के खतरे से निपटने के लिए वन विभाग को रैपिड रिस्पांस टीम बनाने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद यमुना नदी के किनारे घरों से सांप निकलने साथ ही बाढ़ राहत शिविर के आस-पास सांप मिलने से संबंधित शिकायतों को देखते हुए वन विभाग को रैपिड रिस्पांस टीम बनाने का निर्देश दिया गया है। जो सभी बाढ़ प्रभावित जिले में काम करेगी। साथ ही वन विभाग ने इसके लिए 1800118600 हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है।



वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि बाढ़ की स्थिति से इंसानों के साथ-साथ सभी जीव-जंतुओं को भी खतरा है। लगातार पानी में रहने के कारण सांप भी संकट में हैं और अपने लिए सुरक्षित जगह तलाश रहे हैं। ऐसे में वे घरों में प्रवेश कर रहे हैं। साथ ही यमुना के किनारे राहत शिविर के आस-पास सांप मिलने से संबंधित शिकायतें आई हैं इसको लेकर वन विभाग को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही रैपिड रिस्पांस टीम बनाने का निर्देश भी दिया गया है।

वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लोगों से अपील की कि लोगों को घबराने की ज़रूरत है है 7 बल्कि खुद को या सांप को नुकसान पहुंचाने के बजाय जारी किए गए हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल करके सांप को रेस्क्यू करवाएं। उन्होंने कहा कि हेल्प लाइन पर कॉल करने पर वन्य जीव विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंचेगी और सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ देगी।

वन मंत्री ने कहा कि घरों में घुसने वाले सांपों के कारण आम लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांपों की समस्याओं से निजात पाने के लिये वन विभाग ने निःशुल्क हेल्प लाइन सेवा की शुरूआत की है। हेल्प लाइन के माध्यम से की गई शिकायत पर सर्प पकड़ने के लिये संबंधित जगहों पर विशेषज्ञों को भेजा जाएगा।इसी कारण रैपिड रिस्पांस टीम बनाने के लिए वन विभाग को निर्देश दिया गया है। यह टीम दिल्ली के सभी बाढ़ प्रभावित जिलों में काम करेगी। वन विभाग को सभी राहत शिविरों के आस-पास विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर टोल प्लाजा पर धरने पर बैठे किसान

**जेवर (गौतम बुद्ध नगर)।** जेवर में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर सैकड़ों की तादाद में मंगलवार को किसान धरने पर बैठ गए।

किसान कई सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर हंगामा कर रहे हैं। वहां से निकलने वाले लोगों के लिए टोल को बंद भी कर दिया है। यह धरना भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेतृत्व में किया जा रहा है।

सूचना के बाद स्थानीय पुलिस और अन्य आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जहां किसानों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक धरना प्रदर्शन जारी ही है। जेवर के रहने वाले किसान कई समस्याओं को लेकर भारी तादाद में पूरी योजना के तहत जेवर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेतृत्व में पहुंचे। जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया। इस दौरान महिला भी शामिल रही।

सूचना के बाद स्थानीय पुलिस और पुलिस विभाग के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। इस मौके पर किसान नेता महेंद्र सिंह चौरौली का कहना है कि जेवर क्षेत्र के किसानों की कई समस्याओं को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

## बिजली समस्या को लेकर नोएडा-सूरजपुर रोड किया जाम

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के कुलेसरा में कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने नोएडा-सूरजपुर रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान काफी संख्या में महिला भी इस प्रदर्शन में शामिल हुई और महिलाएं रोड पर ही धरने पर बैठ गई और जमकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र में कुलेसरा के आसपास कई कॉलोनियां डूब क्षेत्र में पड़ती हैं। डूब क्षेत्र में होने की वजह से यहां पर बिजली के कनेक्शन नहीं दिए गए हैं, लेकिन कुछ लोगों को अवैध तरीके से बिजली लगाई हुई थी, जिनको बिजली विभाग के द्वारा काट दिया गया।

आज इसी बात पर गुस्साए कॉलोनी के लोगों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और यह सभी लोग इकट्ठा होकर नोएडा-सूरजपुर रोड पर आकर बैठ गए।

कुलेसरा के पास बैठकर इन लोगों ने जाम लगाना शुरू कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी। करीब आधे घंटे तक यह लोग इसी तरह से धरना-प्रदर्शन करते रहे। पुलिस इनको काफी समझाती रही, लेकिन यह लोग नहीं माने।

### मोदीनगर में 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म

**मोदीनगर (गाजियाबाद)।** मोदीनगर के मुरादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 10 की छात्र से रेप किया गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। साथ ही छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। एक दंपति शुक्रवार रात जब कांवड़ लेकर आया तो उनकी 16 वर्षीय पुत्री ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले युवक ने गत 12 जुलाई को उसके साथ दुष्कर्म किया था। यह बात किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। आरोप है कि इसके बाद परिजन जब शिकायत लेकर रावली पुलिस चौकी पर पहुंचे तो उन्हें डांटकर भगा दिया गया।

# डॉक्टर की 14 साल की बेटी की हत्या

## घर में रखे 25 लाख भी लूटे, पिता बोले- बेटी के गले में दुपट्टा कसा था

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में 14 साल की लड़की की हत्या कर घर में रखे 25 लाख रुपए लूटे जाने की सनसनीखेज खबर आई है। ये घटना ईकोटेक थर्ड थाना क्षेत्र के एक डॉक्टर के घर हुई। वारदात के वक्त लड़की घर में अकेली थी। दिनदहाड़े हुई हत्या की घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। जिन रुपयों को लूटा गया है उसे पीड़ित परिवार ने हाल में ही एक पुराने फ्लैट को बेचकर घर में रखा था। इस घटना के पीछे किसी पहचान वाले पर ही शक जताया गया है। फिलहाल मामले में एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी अनिल कुमार यादव ने बताया कि डॉ. सुदर्शन बैरागी बीएएमएस हैं। जो मूल रूप से हस्तिनापुर मेरठ के रहने वाले हैं। फिलहाल सरस्वती एनक्लेव, सेक्टर-147, पुराना सूतियाना थाना इकोटेक-3 में रहते हैं। वो एक क्लीनिक, सेक्टर-93 गेजा थाना फेज-2 में चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपनी 14 साल की बेटी शिल्पी को अकेले घर पर छोड़कर पत्नी और दो बच्चों के साथ सुबह क्लीनिक चले गए थे।

### घर के पास रहने वाले युवक पर हत्या का शक

नाबालिग की मां का कहना है, उनके घर के पास उनका एक जानने वाला रहता है। वो उनके घर भी आता था। मंगलवार सुबह भी वो मां से उनके घर के बारे में जानकारी ले रहा था। वो मां से पूछ रहा था कि घर में कौन-कौन है। आप लोग घर कब तक वापस आओगे। मुझे उसी के ऊपर बेटी की हत्या करने का शक है।

### मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही

मामले में डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि परिवार के लोगों ने एक व्यक्ति पर शक जाहिर किया है। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभी पहलूओं पर जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद है। वह भी जांच पड़ताल कर रही है।

# किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर डाला डेरा

## वादाखिलाफी को लेकर दिन-रात चलेगा धरना प्रदर्शन, बिना सांसद के नहीं होगी वार्ता

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान 55 गांव के किसान इकट्ठा होकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे और उन्होंने प्राधिकरण पर ही डेरा डाल दिया। वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सभी किसान धरने



पर बैठ गए और कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा तब तक उन लोगों का धरना और प्रदर्शन लगातार चलता रहेगा।

किसान सभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रुपेश वर्मा ने बताया कि 24 जून को राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर मध्यस्थता कर सरकार की ओर से किसानों के मसले पर हाई पावर कमेटी का 30 जून तक नोटिफिकेशन कराकर 15 जुलाई तक फैसला कराने का लिखित में आश्वासन दिया था। जिस पर प्राधिकरण और सरकार ने सांसद की प्रतिष्ठा की परवाह किए बिना लिखित वादे के पालन से इनकार कर दिया।

7 जुलाई को किसान सभा ने अपनी कमेटियों की बैठक बुलाकर 18 जुलाई से दिन-रात के धरने का ऐलान किया था।

# मामूली सी बात पर हत्या, पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ा

नई दिल्ली। शाहबाद इलाके में एक शख्स की चाकू मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल, पुलिस अभी शुरुआती जांच में इसे हत्या का मामला मान रही है। अभी पुलिस की जांच जारी है। जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली के बाहरी उत्तरी इलाके में एक घायल शख्स का शव मिला है। शाहबाद डेयरी पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि छोटी सी बात को लेकर दो लोगों के बीच झगड़ा हो गया था। जिसके बाद एक शख्स ने चाकू मारकर हत्या कर दी।

## संपादकीय

# कारों में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती

अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के पैमाने पर भारतीय वाहनों की गुणवत्ता अक्सर प्रश्नांकित होती रही है।

जब भी कोई बड़ा सड़क हादसा होता है, तो इस विषय पर चर्चा होती है, फिर जैसा चल रहा है, वैसा ही चलता रहता है। मगर अब सरकार ने कारों में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बरतने का मन बना लिया है। इसके लिए नई कार मूल्यांकन कार्यक्रम यानी एनसीएपी लागू किया गया है।

इस कदम का सभी भारतीय कार उत्पादक कंपनियों ने स्वागत किया है। माना जा रहा है कि इससे सुरक्षित कारों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। यह न केवल भारतीय उपभोक्ता की दृष्टि से, बल्कि निर्यात की दृष्टि से भी लाभकारी कदम साबित हो सकता है। भारतीय कारें न केवल अपने देश में बिकती हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर दूसरे देशों में भी इन्हें भेजा जाता है।

ऐसे में भारतीय कारें अगर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों पर खरी उतरती हैं, तो विदेशी कंपनियों की कारों से भी प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया में सबसे जोखिम वाला देश है। ऐसे में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों पर भी काबू पाने में मदद मिलेगी। मगर देखना है कि भारतीय कंपनियां सुरक्षा मानकों का कितना पालन करती हैं।

हालांकि भारत में अब कई विदेशी कार निर्माता कंपनियों ने अपना कारोबार फैला लिया है। उन्हें यहां कार निर्माण की इजाजत देने के पीछे मकसद यही था कि उनके आने से कार बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू होगी और भारतीय कारों की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। मगर विदेशी कंपनियों ने भी कई मामलों में बाजार के वही नुस्खे आजमाने शुरू कर दिए, जो भारतीय कार निर्माता कंपनियां आजमाती आ रही हैं।

दरअसल, कार खरीदने में भारतीय उपभोक्ता की मानसिकता एक बड़ा कारण है, जिसके चलते कार निर्माता कंपनियों ने सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। ज्यादातर भारतीय उपभोक्ता कार या तो इस मानसिकता से खरीदता है कि उसे कहीं आने-जाने में आसानी होगी या फिर अपनी हैसियत प्रदर्शित करने की मानसिकता से खरीदता है। सुरक्षा मानकों की पड़ताल बहुत कम ग्राहक करते हैं।

फिर कंपनियां भारतीय उपभोक्ता की क्रयशक्ति का आकलन करती हैं और विभिन्न आयवर्ग को ध्यान में रख कर कारें बनाती हैं। इस लिहाज से कम और मध्यम आयवर्ग को ध्यान में रख कर बनाई जाने वाली कारों में आमतौर पर सुरक्षा मानकों के साथ समझौता देखा जाता है। हालांकि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के आकड़े को ध्यान में रखते हुए छोटी से छोटी कार में भी एअर बैग की अनिवार्यता कर दी गई है। मगर इतने भर से सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती।

निस्संदेह भारतीय कार बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, कारों की खरीदारी भी बढ़ी है, सड़कें तेज रफ्तार गाड़ियों के अनुकूल बनने लगी हैं, मगर सड़क हादसों पर लगाम लगा पाना बड़ी चुनौती है। इस लिहाज से कारों में सुरक्षा मानकों का मूल्यांकन समय की मांग है। पर कार निर्माता कंपनियों के सामने यह चुनौती होगी कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए भी किस तरह कारों की कीमतों को सामान्य उपभोक्ता की पहुंच में बनाए रख पाती हैं।

एअर बैग जैसे कुछ सुरक्षा सुविधाओं की अनिवार्यता लागू होने के बाद पिछले कुछ सालों में छोटी कारों की कीमतें भी एकदम से ऊपर चली गईं। ऐसे में अगर उनके कांच, बुनियादी ढांचे आदि की मजबूती पर खर्च बढ़ता है तो जाहिर है, उनकी कीमतें बढ़ेंगी। इसमें वे कैसे संतुलन साधती हैं, देखने की बात है।

# आसमानी आफत में हिमालय

इस बार की बारिश ने एक बार फिर से उत्तराखंड में 2013 की केदारनाथ त्रासदी की यादें ताजा कर दी हैं। हालांकि लगातार 72 घंटों से ज्यादा समय तक हुई बारिश से पूरे देश के विभिन्न हिस्से प्रभावित हुए हैं, लेकिन बारिश का सबसे ज्यादा असर अगर कहीं पड़ा है, तो वह पहाड़ी क्षेत्र ही है। हिमाचल प्रदेश के हालात तो बहुत गंभीर हो गए हैं। मनाली, मंडी जैसे पर्यटक स्थल आज पूरी तरह सूने हो चुके हैं। एक बार फिर जनमानस में उसी भय ने जगह बना ली है, जो केदारनाथ त्रासदी के कारण हुई थी। जान-माल के भारी नुकसान की खबरें भी हैं और आने वाले समय में ही पूरे नुकसान का आकलन किया जा सकेगा। स्वयं प्रधानमंत्री ने इन सभी क्षेत्रों में भारी बारिश से हुए नुकसानों की जानकारी ली। जाहिर है, प्रधानमंत्री की चिंता हिमालय के प्रति है।

दुनिया के बदलते पर्यावरण का अगर किसी को सबसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ता है, तो वह हिमालय क्षेत्र ही है। पृथ्वी का औसत तापमान 17 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। वर्ष 2016 से 2022 के बीच में यह करीब 12 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच में झूल रहा था। वर्ष 2016 में औसत तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस था, जो अब 17 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है। इसका सीधा असर समुद्रों पर पड़ता है, क्योंकि पृथ्वी में सबसे ज्यादा समुद्र ही हैं। जब कभी समुद्र का तापक्रम बढ़ेगा, तो स्वाभाविक है कि वाष्पोत्सर्जन होगा और यही टुकड़ों-टुकड़ों में बारिश बनकर जगह-जगह कहर ढाता रहेगा।

प्रकृति के चक्र को तो हम समझते ही हैं कि गर्मियों में मानसून समुद्र से उत्पन्न होता है और यह उत्तर भारत का रुख करता है, जिससे देश में इस समय बारिश होती है। लेकिन इस बार हमने देखा कि जून आने और मानसून के उत्पन्न होने से पहले ही बारिश पड़ी थी। यह सबसे बड़ा संकेत था कि समुद्र में उत्पन्न वाष्पोत्सर्जन और उसके साथ चली हुई हवाएं और तापक्रम का अंतर ही उस बारिश को लाया था, जिसे हमने पश्चिमी विक्षोभ का असर बताया था। पर अब हालात बदले हुए हैं। लगातार औसत तापमान के बढ़े होने के कारण समुद्र में तूफान तो चलेंगे ही, लेकिन पृथ्वी पर कब किस समय वर्षा हो जाए, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकेगा। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की रिपोर्ट ने भी बताया था कि जिस तरह से पृथ्वी के तापमान में अंतर आ रहा है, कई हलचलों के अलावा अगर इसका सबसे बड़ा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, तो वह सीधे पहाड़ों पर पड़ेगा। इसे सरल तरीके से इस तरह समझा जा सकता है कि धरती के बढ़ते तापमान और उसके कारण समुद्र में हुए वाष्पोत्सर्जन के कारण मैदानी इलाकों में उमस बढ़ती है। समुद्र में वाष्पोत्सर्जन के कारण उठी हवाएं जब पहाड़ की ओर चलती हैं, तो वहां तापक्रम में कमी पाने पर बरस जाती हैं।

हमें यह समझना होगा कि हिमालयी क्षेत्र देश का एक हिस्सा मात्र नहीं है, बल्कि वह प्राकृतिक संसाधनों-हवा, मिट्टी, जंगल, पानी का स्रोत है, क्योंकि आज भी सबसे ज्यादा वन, नदियां और हिमखंड, जिनके ऊपर दो अरब लोगों का जीवन निर्भर है, का स्रोत हिमालय ही है। लगातार होती ऐसी घटनाओं को अब प्रधानमंत्री को गंभीरता से लेना चाहिए। यह तो हम जानते ही हैं कि आर्थिक विषमताओं के कारण पर्वतीय राज्य विकास की दौड़ में पिछड़ रहे हैं, लेकिन अब इसमें पारिस्थितिकीय (इकोलॉजिकल) विषमता भी जुड़ गई है, जो भारी पड़ रही है। इसका समाधान तभी संभव होगा, जब हम प्रकृति और पर्यावरण को लेकर गंभीर होंगे। हिमालय के संदर्भ में यह आज बहुत बड़ा मुद्दा बन चुका है। यहां की आर्थिकी पारिस्थितिकी पर केंद्रित होनी चाहिए।

मौजूदा हालात हमें भविष्य की पारिस्थितिकीय असुरक्षा की तरफ ले जा रहे हैं। जिस तरह से पहाड़ टूट रहे हैं और लगातार भू-स्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं, एक दिन ऐसा भी हो सकता है कि हिमालय अपना अस्तित्व खो दे। इसलिए हिमालय को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन-मंथन होना चाहिए। यह मात्र पहाड़ को बचाने के लिए नहीं, बल्कि देश की पारिस्थितिकी सुरक्षा को भी बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# जलवायु परिवर्तन, कुपोषण और भुखमरी



-डॉ. अशोक कुमार गदिया



जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में सबसे बड़ा संकट खाद्य उपलब्धता को रेखांकित किया जाता रहा है। पिछले साल के आंकड़ों को देखते हुए यह चिन्ता अब और गहरी होने लगी है। पिछले साल पूरी दुनिया में बीस करोड़ पचास लाख लोगों ने गंभीर खाद्य संकट का सामना किया। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की ओर से जारी की गई वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट में चिन्ता जाहिर की गई है कि वर्ष 2050 तक खाद्य संकट की वजह से करीब 7.20 करोड़ लोगों के कुपोषित होने की आशंका है। भारत के सामने यह संकट कई वजहों से बड़ा है। एक तो आबादी की दृष्टि से यह दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया है। दूसरी तरफ कृषि उत्पादन के मामले में कमी दर्ज हो रही है। हालांकि खाद्यान्न के मामले में भारत आत्मनिर्भर है, मगर जिस तरह उत्पादन में कमी दर्ज हो रही है और जो उत्पादन होता है, उसका पूरी तरह सुरक्षित भंडारण नहीं हो पाता, उसमें खाद्य सुरक्षा कानून का लंबे समय तक पालन कर पाना चुनौती बनता जा रहा है। पहले ही अस्सी करोड़ से अधिक आबादी को मुफ्त के राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है, उनके पास रोजगार के ऐसे साधन नहीं हैं कि वे अपना भोजन वे खुद जुटा सकें। इस तरह इस आबादी में कुपोषण की गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। केवल एक या दो वक्त पेट भरने के लिए अनाज का प्रबन्ध हो जाने से पोषण की गारंटी नहीं दी जा सकती। समुचित पोषण के लिए फल, दूध, सब्जियों आदि की पर्याप्त उपलब्धता भी जरूरी है। जिसका नितान्त अभाव है। ऐसे में कुपोषण की समस्या यहाँ बढ़ने की आशंका अधिक है। अभी हाल ही के आंकड़ों के अनुसार भारत में अल्प पोषण 16 प्रतिशत है।

पिछले साल समय से पहले गर्मी का मौसम शुरू हो गया, तो गेहूं के दाने सिकुड़ गए। दलहन और तिलहन के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देने लगा। सबसे कमजोर पहलू भंडारण का है। अव्वल तो सरकारी खरीद अपेक्षित लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाती, फिर अनाज को खुले में प्लास्टिक आदि से ढककर रख दिया जाता है और असमय या अत्यधिक बारिश की वजह से हर साल बहुत सारा अनाज बर्बाद चला जाता है। नए गोदाम बनाने की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता और पुराने गोदामों की मरम्मत में दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती। ऐसे में खाद्यान्न की सार्वजनिक वितरण प्रणाली अक्सर चरमराती नजर आती है। लाभार्थियों को अनाज उपलब्ध कराया जाता है, उसकी गुणवत्ता स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छी नहीं मानी जाती। इसलिए दुनिया में खाद्यान्न संकट के मद्देनजर भारत को कुछ अतिरिक्त रूप में सतर्क रहने की आवश्यकता है।

पिछले साल चौदह अक्टूबर को वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया गया। उसमें 121 देशों की सूची में भारत 107वें स्थान पर था। अब माना जा रहा है कि देश में भूख और कुपोषण का स्तर 'गंभीर' स्तर पर है। अनुमान के मुताबिक आज लगभग 16 फीसद भारतीय कुपोषित हैं। इसी क्रम में यह भी तथ्य है कि प्रत्येक तीन बच्चों में से लगभग एक का कद औसत से कम है। जिसका अर्थ है कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की ऊंचाई का अनुपात उम्र के हिसाब से कम है। भारत दुनिया में दूध, दाल, केले, गेहूं, चावल और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है तो मछली और पोल्ट्री जैसे पशुधन उत्पादों के शीर्ष उत्पादकों में से एक है। लेकिन सच यह भी है कि यहां का चालीस फीसद भोजन कूड़ेदान में फेंक दिया जाता है और वह वहीं समाप्त हो जाता है। अगर सिर्फ खाने की बर्बादी को ही रोक लिया जाए तो इससे भारत की अधिकांश समस्याओं का समाधान हो सकता है। क्या हममें से ज्यादातर लोग यह जानते हैं कि दुनिया भर में खाने का एक तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है? यह तीन अरब लोगों को खिलाने के लिए काफी है! उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत में औसत व्यक्ति प्रतिदिन एक सौ सैंतीस ग्राम भोजन बर्बाद करता है। यानी 0.96 किलोग्राम प्रति सप्ताह या पचास किलोग्राम प्रतिवर्ष। भारत में 40 फीसद भोजन बर्बाद हो जाता है जो एक वर्ष में 92,000 करोड़ रुपये के बराबर है। भारत में कृषि मंत्रालय के अनुसार, हर साल उत्पादित पचास हजार करोड़ रुपये का खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है।

खाद्य हानि और बर्बादी हमारे सामाजिक ढांचे को कमजोर करती है। जब भोजन खो जाता है या बर्बाद हो जाता है, तो इस भोजन का उत्पादन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी संसाधन-पानी, भूमि, ऊर्जा, श्रम, पूंजी एवं भावना सहित बहुत कुछ बर्बाद हो जाता है।

### कैसे कम करें खाने की बर्बादी-

खाने की बर्बादी रोकने के तीन अहम सूत्र हैं, रीयूज़, रिड्यूस और रिसाइकलिंग। खाद्य पदार्थों को दोबारा उपयोग में लाने, उनकी बर्बादी रोकने के साथ ही रिसाइकलिंग पर ध्यान देने की ज़रूरत है। इसके अलावा इन तरीक़ों से भी आप अपने घर से निकलने वाला खाद्य अपशिष्ट घटा सकते हैं।

### 1. ताजा और ज़रूरी ही ख़रीदें-

इस सरल नियम से आप अतिरिक्त खाद्य पदार्थ नहीं लेंगे। सुपरमार्केट या किराना स्टोर से वही सामान ख़रीदें, जिसकी ज़रूरत है। हफ़्तेभर की सब्ज़ियां स्टॉक करके रखने की आवश्यकता नहीं है। ऐसा करने से सब्ज़ियों की शेल्फ़ लाइफ़ कम होगी और उनमें से ज़्यादातर कचरे के डिब्बे में जाएंगी। ताज़ा सब्ज़ियां व फल ख़रीदें। खाना पकाते समय भी ध्यान रखें ताकि फेंका कम जाए।

### 2. फ्रीज़र का उपयोग करें-

बचे हुए खाने को दोबारा उपयोग किया जा सकता है, फिर से उपयोग करने के लिए उसे हवाबंद डिब्बे में भरकर फ्रीजर में रख दें।

### 3. भूखे लोगों को खिलाएं-

अक्सर हम जो खाना फेंकते हैं उनमें से ज़्यादातर खाने योग्य होता है। अपने आसपास के भूखे या असहाय लोगों को अतिरिक्त खाना पहुंचाएं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर सक्रिय संगठनों की मदद ली जा सकती है। व्यक्ति खुद अपने आसपास या सोसायटी में मिलकर ऐसा संगठन बना सकते हैं, जो घरों से निकलने वाले अतिरिक्त खाद्य पदार्थों को ख़राब होने से पहले ज़रूरतमंदों तक पहुंचा सके।

### 4. जानवरों को खिलाएं-

बचे खाद्य पदार्थ को जानवरों को खिलाना भी अच्छा विकल्प है। इस तरह वह खाना लैंडफिल में जाकर समाप्त नहीं होगा।

### 5. खाद बनाना-

यह हर व्यक्ति अपने स्तर पर कर सकता है। खाद बनाना यानी कंपोस्टिंग न केवल खाद्य अपशिष्ट को लैंडफिल में प्रवेश करने से रोकता है, बल्कि मिट्टी और पानी की गुणवत्ता में भी सुधार करता है जो बदले में भविष्य की फ़सलों को बढ़ने में मदद करेगा। चावल, अनाज, बचा या खराब हुआ खाना, उपयोग की गई चाय पत्ती, अंडों के छिलके, सीफूड, पेपर टॉवेल जैसी चीज़ें खाद बनाने के काम में लाई जाती हैं।

### 6. औद्योगिक उपयोग-

कुछ खाद्य अपशिष्टों का उपयोग जैव ईंधन और जैव-उत्पाद बनाने के लिए किया जा सकता है। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा हमारे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत हैं। अमेरिका जैसे कई देश कुछ खाद्य अपशिष्टों की मदद से जैव ईंधन बनाने में जुटे हैं। सच यह है कि आज हम जिस खाद्यान्न की समस्या का सामना कर रहे हैं, उसके लिए केवल सरकारी नीतियां ही जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और परम्पराएं भी इस स्थिति में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। इसलिए भोजन की बर्बादी को रोकना एक अकेला कदम है जो हमारे देश को रहने के लिए एक बेहतर जगह बना सकता है। यह एक बहुत ही आसान आदत है, जिसके लिए हमारी मौजूदा आदतों में थोड़ा-सा बदलाव करने की आवश्यकता है कि हम अपने भोजन का उपभोग और भंडारण ठीक से करें। इस समस्या के समाधान के लिये घर, परिवार, समाज एवं सरकार को इकट्ठा आना पड़ेगा।

**(लेखक मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन हैं।)**

# नए अवसर से नवीन युग का आगाज

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस आई हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था यस वी कैन ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था .जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था।




# क्या राजस्थान में बदलेगा सत्ता बदलने का रिवाज



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान विधानसभा के चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं। चुनावों में अब कुछ महीनों का ही समय रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। प्रदेश में सत्तारूढ़ होने के कारण कांग्रेस पार्टी को सत्ता विरोधी माहौल का भी सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि एक बार कांग्रेस और दूसरी बार भाजपा की सरकार बनती है। ऐसे में मुख्य विपक्षी दल भाजपा को आशा है कि राज बदलने की परंपरा को कायम रखते हुए प्रदेश में उनकी सरकार बने। मगर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस रिवाज को बदलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। गहलोत चाहते हैं कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर हर बार सरकार बदलने के रिवाज को समाप्त किया जाए। इसके लिए गहलोत लगातार लोगों से संपर्क साध रहे हैं। अशोक गहलोत के दोनों पैरों के अंगूठे में चोट लगने के कारण वह पिछले कई दिनों से अपने आवास से ही वर्चुअल माध्यम से लोगों से संपर्क कर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं।

2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे तथा रामेश्वर डूडी नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय कांग्रेस के पास मात्र 21 विधानसभा सीटें ही थी। तब वसुंधरा राजे भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री थी। भाजपा के पास 163 विधानसभा सीटें थी। लेकिन राज बदलने का रिवाज व वसुंधरा राजे के खिलाफ आम जनता में पनपी सत्ता विरोधी लहर के चलते कांग्रेस 100 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। जबकि भाजपा मात्र 73 सीटों पर ही सिमट गई थी। तब कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनवाया था। मुख्यमंत्री बनने के बाद अशोक गहलोत ने बसपा के सभी 6 विधायकों का कांग्रेस में विलय करवा कर विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत बना दी थी। वर्तमान में गहलोत सरकार को माकपा के दो, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो, राष्ट्रीय लोक दल का एक व 13 निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। वहीं भाजपा विधायको की संख्या 73 से घटकर 70 पर आ गई है। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी 2020 में अपने ही उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की बगावत का सामना करना पड़ा था। सरकार बचाने के लिए गहलोत ने महीनों तक विधायकों को बाड़ेबंदी में रखा था। कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद सचिन पायलट ने अपना विद्रोह समाप्त कर कांग्रेस की मुख्यधारा में शामिल हो गए थे। हाल ही में कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली में एक बड़ी बैठक कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट को आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़ने का मंत्र दिया है। आलाकमान से हुई बैठक के बाद दोनों ही नेता एकजुटता से चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले एक साल से प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले बजट में प्रदेश के लोगों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की थी। जिनका क्रियान्वयन भी प्रारंभ हो गया है। पिछले तीन महीने तक राज्य सरकार ने गांव-गांव में महंगाई राहत कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करवाया है। उन कैंपों के माध्यम से सरकार ने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से भी आम आदमी को अवगत करवाया है। महंगाई राहत कैंपों के आयोजन से सरकार की छवि में काफी सुधार हुआ है। राज्य सरकार ने 60 साल से अधिक उम्र के वृद्धजन, विधवा महिलाओं, विकलांगों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को भी बढ़ाकर न्यूनतम एक हजार प्रतिमाह कर दिया है। इसके साथ ही अनाथ बालिकाओं को पढ़ाई के लिये प्रतिमाह मिलने वाली राशि भी बढ़ाकर दोगुनी से अधिक कर दी गई है।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में करीबन 76 लाख उज्जवला गैस कनेक्शन धारकों को 500 रूपैये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं मिल रहा है। प्रदेश में घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली प्रतिमाह तथा कृषि उपभोक्ताओं को दो हजार यूनिट बिजली प्रतिमाह निशुल्क उपलब्ध करवायी जा रही है। राजस्थान की सीमा में यात्रा करने वाली महिलाओं को सभी श्रेणी की रोडवेज बसों में 50 प्रतिशत किराए में छूट दी जा रही है। स्कूलों व कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं, विधवा व एकल रहने वाली महिलाओं को शीघ्र ही सरकार की तरफ से मोबाइल हैंडसेट प्रदान किए जाएंगे। जिनमें तीन साल तक इंटरनेट का डाटा भी फ्री मिलेगा।

इसके अलावा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे में फिर से शामिल किए जाने से आम लोगों के साथ ही कर्मचारी वर्ग में भी गहलोत सरकार के प्रति सकारात्मक माहौल नजर आ रहा है। 2004 से देशभर में पुरानी पेंशन योजना को बंद कर दिया गया था। उसके बाद से ही कर्मचारी वर्ग पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते आ रहे थे। मगर किसी भी सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया था। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत देश भर में पहले नेता है जिन्होंने राजस्थान सरकार के कर्मचारियों को फिर से पुरानी पेंशन देने की शुरुआत की है।

संगठन की दृष्टि से भी राजस्थान में कांग्रेस कमेटी का नए सिरे से गठन कर दिया गया है। सभी जिला, नगर, ब्लाक व मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां हो चुकी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारी लगातार जिलों का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं। हाल ही में जयपुर में कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों व प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक हो चुकी है। जिसमें सभी पदाधिकारियों को पूरी सक्रियता से क्षेत्र में काम करने के लिए कहा गया है।

हालांकि पिछले वर्ष सितंबर में कांग्रेस आलाकमान द्वारा कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन करवाने के लिए भेजे गए पर्यवेक्षकों प्रदेश प्रभारी महासचिव अजय माकन व मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में विधायक दल की मीटिंग का बहिष्कार करवाने वाले कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी व पर्यटन निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ पर पार्टी आलाकमान ने कोई कार्यवाही नहीं की है। उल्टे शांति धारीवाल के पुत्र अमित धारीवाल को संगठन में प्रदेश महासचिव बना दिया गया है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में गलत संदेश जा रहा है। पार्टी से जुड़े लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दबाव में पार्टी आलाकमान पार्टी से बगावत करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने से कतरा रहा है।

कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव की जो तैयारियां की है उसको देखकर लगता है कि चुनाव की पूरी कमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथ में होगी तथा वही पार्टी का चेहरा भी होंगे। पार्टी आलाकमान के समझाने पर सचिन पायलट मुख्यमंत्री गहलोत के साथ काम करने को तो तैयार हो गए हैं। मगर गहलोत पायलट को अपने साथ कितना जोड़े रख पाते हैं इसका पता तो आने वाले समय में ही लगेगा। फिलहाल तो कांग्रेस अपनी योजनाओं के बल पर जीत के सुनहरे सपने देख रही है। वही पार्टी से जुड़े जमीनी स्तर के कार्यकर्ता आज भी नेताओं की बेरुखी के चलते नाराज नजर आ रहे हैं।

राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी बनाये गए सुखजिंदर सिंह रंधावा चुनाव जीतने के तो बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। मगर पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में उनके उपमुख्यमंत्री रहते कांग्रेस पार्टी की जो दुर्गति हुई थी उसकी चर्चा वह कभी नहीं करते हैं। अपने बड़बोले बयानों से रंधावा चुनाव तक पार्टी नेताओं को कितना एकजुट रख पाते हैं। इसका पता तो चुनावी नतीजों के बाद ही चल पाएगा।

## शार्ट न्यूज

### एटा में युवक की हत्याकर फेंका शव

**एटा।** एटा में एक युवक का शव मिलने की सूचना पर सनसनी फैल गई। लोगों ने खेतों में लावारिश हालत में शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी थाना बारवाला में दी। सूचना पर थाना पुलिस गांव पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। एटा पुलिस की फील्ड यूनिट, डॉग स्कायड और फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए। थाना बागवाला क्षेत्र के जलालपुर गांव में खुशीराम (23) का शव पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एटा के अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया और थाना अध्यक्ष को घटना के तुरंत खुलासे के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने बताया कि आज बागवाला पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जलालपुर में एक युवक की हत्या करके उसके शव को खेत में फेंक दिया गया है। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौके पर फील्ड यूनिट, डॉग स्कायड, फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर सबूत जुटाए हैं। मामले में सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### प्रेमी ने किया ब्लैकमेल तो प्रेमिका ने खाया जहर, मौत

**संभल।** प्रेम प्रसंग में तकरार होने के बाद युवती में सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई करते हुए पीएम को भेज दिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों के मुताबिक शादी का झांसा देकर प्रेमी आपत्तिजनक फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। जिससे युवती परेशान थी। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय का है। यहां की रहने वाली इंटर पास युवती का पड़ोस के ही रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि शादी का झांसा देकर प्रेमी युवक ने युवती के आपत्तिजनक फोटो खींच लिए। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलता रहा। कुछ दिन पहले प्रेमिका-प्रेमी में किसी बात को लेकर अनबन हो गई। इसके बाद प्रेमी युवती को आपत्तिजनक फोटो के माध्यम से ब्लैकमेल करने लगा। युवती ने इस ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर 8 दिन पूर्व कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। परिजनों ने आनन-फानन में युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### पिता-बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला

**ललितपुर।** ललितपुर के ग्राम सेरवास कलां में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने पिता पुत्र की मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसके चलते पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्राम सेरवास कलां निवासी सुनील रायकवार पुत्र रामचरण (40) अपने पुत्र अंकित (16) के साथ गैस सिलेंडर भरवाने के लिए बाइक से ताल बेहट जा रहे थे। जब वह गांव में पहुंचे ही थे। तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के तीन चार दबंग ने उन्हें रास्ते में रोकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब पिता पुत्र ने इसका विरोध किया तो उन्होंने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसके चलते पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं हमलावार जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायलों को उपचार के लिए परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले गए।

### झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची

**कौशांबी।** कौशांबी की सरांय अकिल के भखन्दा गांव में मंगलवार को झाड़ियों में जीवित नवजात बच्ची मिली। रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की पहचान की कोशिश की, लेकिन उसे कोई अपना स्वीकार करने को तैयार नहीं हुआ। बच्ची के शरीर पर कई जगह जख्म मिले हैं। पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में एनआईसीयू मे भर्ती कराया है। अस्पताल मे बच्ची की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। कौशांबी ब्लाक के यमुना तराई में बसे भखंदा गांव के ग्रामीणों ने नहर किनारे झाडियों के बीच रोते बिलखते एक नवजात शिशु बालिका को देखा। जानकारी गांव में फैली, जिसे सुनकर सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक नवजात बच्ची के शरीर पर लगे कई कट के निशान से गंभीर रूप घायल है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शिशु बालिका को कब्जे में लेकर मंझनपुर मुख्यालय स्थित बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया।

### बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत, दो की मौत

बुलंदशहर। बुलंदशहर के ककोड़ क्षेत्र के गांव धनोरा में आमने-सामने की बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें आए सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार रितेश पुत्र टेकचंद निवासी गांव धतूरा इस की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर रायपुर ठंडी पियाऊ के रहने वाले अनमोल की भी मौत हो गई। वहीं दो लोग और घायल हो गए। भाई लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हाय सेंटर रेफर कर दिया है। ककोड़ में जेवर-बुलंदशहर मार्ग पर धनौरा के पास हुआ हादसा। वहीं सीओ विकास प्रताप चौहान ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मनरेगा के भुगतान न होने पर प्रधानों ने दिया धरना

**गाजीपुर।** विकासखंड मनिहारी के प्रांगण में पूरे ग्राम सभा के प्रधान संगठन एकजुट होकर ब्लॉक परिसर में धरना पर बैठ गए। इस मौके पर प्रधान संगठन का कहना था की हम लोगों का 1 साल से भुगतान नहीं हो रहा है। हम लोग ग्राम सभा में विकास कार्य करा चुके है सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर पा रहे हैं और जो कार्य कराया भी उसका भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है उनका कहना है कि यह बहुत निंदनीय विषय है कि ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी की तैनाती के बाद जब तक पूरे ग्राम प्रधानों को जानकारी होती है तब तक ट्रांसफर हो जाता है और चले जाते हैं और जो भी आता है उससे हम लोग बात करते हैं तो इधर-उधर बात करके टाल दिया जाता है आखि़र गांव कर विकास कैसे हो सरकार के मानसिकता के अनुसार कार्य फिर भूगतान के लिए प्रदर्शन आखि़र कब तक चलेगा ऐसे कार्य कहीं ना कहीं जनप्रतिनिधी लाचार है आलम यह है कि खण्ड विकास अधिकारी अनुराग राय से सैकड़ो बार सम्पर्क करने का प्रयास किया जा रहा है लेकीन कोई जवाब नहीं मिल रहा है अधिकारी बेलगाम है जिससे सिर्फ शोषण का शिकार हो रही है।

### आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में नरेन्द्र गिरी के गनर पर मुकदमा

प्रयागराज। साधु संतो की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत मंहत नरेन्द्र गिरी के सुरक्षा में रहे गनर पर आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में कर्ननगंज थाने में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस सूत्रों बताया कि नरेन्द्र गिरी के गनर रहे मूल रूप से बलिया में सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के कोदई गांव निवासी अजय कुमार सिंह को प्रारंभिक जांच के दौरान दोषी पाया गया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन विभाग) के इंस्पेक्टर ठाकुर दास ने सोमवार को कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। महंत नरेन्द्र गिरी की मौत के बाद अजय कुमार सिंह पर आय से अधिक संपत्ति के आरोप लगे थे। इसम मामले में शासन तक शिकायत पहुंच गयी थी। तब गृह विभाग की ओर से दिसंबर 2022 में मामले में जांच के आदेश दिए गये थे। भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय की ओर से जनवरी 2023 में जांच इंस्पेक्टर ठाकुरदास को सौंपी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट में अजय कुमार सिंह दोषी पाया गया। पुलिस एफआईआर के अनुसार अजय कुमार ने निर्धारित अवधि में वेतन बकाया, अतिरिक्त वेतन, बोनस, एलआईसी, उसके और उसकी पत्नी के खाते से ब्याज के रूप में, फ्लैट खरीदने के लिए एलआईसी और एचएफएल से लिया गया ऋृण, एसबीआई से लिया गया पर्सनल लोन के वैध स्त्रोतों से कुल 95 लाख, 79 हजार 591 रूपया अर्जित किया गया।

# मिशन रोजगार : 'सपने हमारे, योगी सरकार की निष्पक्षता से हुए पूरे'

## सीएम योगी ने डेढ़ महीने में स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र दिए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। यानी डेढ़ महीने में सीएम योगी ने सिर्फ स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 10 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं मंगलवार को नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनितों के चेहरे पर सपने पूरे होने की खुशी दिखी। इन लोगों ने साफ तौर पर कहा कि सपने हमारे थे, लेकिन पूरे हुए योगी सरकार की निष्पक्षता के कारण। मध्यम वर्गीय परिवारों की उम्मीदों को योगी सरकार ने पूरा किया। बिना पैसा दिए अब सिर्फ योग्यता के आधार पर ही सरकारी नौकरी मिल रही है।



### डेढ़ महीने में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 10 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र दिए

सीएम योगी ने डेढ़ महीने के भीतर स्वास्थ्य विभाग के 10 हजार से अधिक नवचयनितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 9 जून को 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया और 10 जून को एसजीपीजीआई में 1442 स्टॉफ नर्सों को नियुक्ति पत्र दिया। इसके बाद 18 जुलाई को फिर से 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र देकर इनके सपनों को आकाश दिया गया यानी पारदर्शी व निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत सिर्फ स्वास्थ्य विभाग में कुल 10197 युवाओं के सपने पूरे हुए।

### नवचयनितों ने कहा-सपने पूरे, अब निष्ठा से कार्य हमारी बारी

नवचयनित एकता पटेल ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की वजह से हमारा और माता-पिता का सपना पूरा हो गया है।

हम सभी खुश हैं कि सीएम की वजह से बिना पैसे दिए पारदर्शी तरीके से हमारा चयन हो गया।

रायबरेली की रहने वालीं मध्यम वर्गीय परिवार की ममता यादव ने कहा कि हमें आदरणीय मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र मिला, यह मेरे लिए गौरव की बात है।

हरदोई की अपर्णा शुक्ला ने बहुत जल्द निष्पक्ष भर्ती पूरा कराने के लिए सीएम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीएम ने हमारे सपने पूरे किए, अब निष्ठा से कार्य करने की हमारी बारी है।

अमेठी की अनुपम सिंह ने कहा कि हमारा चयन पिछली बार कुछ कारणों से रुक गया था पर पारदर्शी तरीके से सारी जांच के उपरांत हमारा काम संपूर्ण हुआ। इसके लिए सीएम योगी के सदा आभारी रहेंगे।

प्रतापगढ़ की रागिनी श्रीवास्तव ने दिल से सीएम का धन्यवाद जताया, बोलीं कि चयन का आधार सिर्फ योग्यता ही बनी।

लखनऊ की प्रतिभा त्रिपाठी ने कहा कि हमारी ज्वाइनिंग हुई। नियुक्ति प्रक्रिया बिना भेदभाव हुई है। इससे पहले पेपर दिया पर भेदभाव के कारण नहीं हो पाया। इस बार पारदर्शिता हुई तो हमारा चयन भी हो गया।

सुल्तानपुर की स्वाति सिंह ने कहा कि बिना पैसे दिए ही नियुक्ति मिली है। यह योगी सरकार की वजह से हो सका।

# पति ने पत्नी और 2 बेटियों की पत्थर से कूचकर की हत्या

## वारदात से पहले पति ने किया हंगामा, फिर तीनों का सिर पत्थर से कूच दिया

**महोबा।** महोबा में एक युवक ने पत्नी और 2 बेटियों की पत्थर से कूचकर हत्या का दी। वारदात से पहले पति-पत्नी में रोटी को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया।

तिहरे हत्याकांड के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही सोमवार रात को भारी पुलिस बल के साथ स्क्रअपर्णा गुप्ता मौके पर पहुंचीं। मंगलवार सुबह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शहर कोतवाली के समदनगर का है।




समदनगर के देवेंद्र विश्वकर्मा ने रात के करीब 8 बजे पत्नी राजकुमारी देवी, बेटी अरुषि (9) और सोनाक्षी (5) की हत्या कर दी।

बताया जा रहा है कि देवेंद्र कपड़ों की फेरी लगाने का काम करता है। आए दिन पति पत्नी के बीच विवाद होता था। पड़ोसियों की माने तो शाम को भी दोनों के बीच विवाद हुआ।

### मोटी रोटी बनाने को लेकर विवाद हुआ था

देवेंद्र विश्वकर्मा के पिता ठाकुरदीन सिलाई का काम करते हैं। उन्होंने कहा, देवेंद्र सोमवार शाम को फेरी लगाकर लौटा तो पत्नी से झगड़ा करने लगा।

इन दोनों के बीच खाने को लेकर विवाद हो रहा था। मैंने देवेंद्र को यह करते सुना- रोटी मोटी बना दी, सब्जी में नमक कम है।

### प्रतापगढ में पेशाब करने वाला दरोगा निलंबित

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में मंदिर की दीवार पर लघुशंका करने के आरोप में पुलिस लाइन में तैनात दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वर्दी पहने एक दरोगा नगर के सदर मोड़ पर स्थित मंदिर की दीवार पर पेशाब करता दिख रहा है। मामला पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल तक पहुंचा तो उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर करिश्मा गुप्ता को जांच करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीओ सिटी की प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर उपनिरीक्षक चंदिका यादव को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जाँच की जा रही है।

# प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में वृद्धि

**प्रयागराज।** पड़ोसी राज्यों उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही वर्षा का असर तीर्थराज प्रयाग में नजर आने लगा है। दोनो नदियों के जलस्तर में क्रमशः पिछले 24 घंटे के दौरान 44 और 46 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान गंगा और यमुना दोनो नदियों के जलस्तर में क्रमशः 44 और 46 सेंटीमीटर की वृद्धी दर्ज की गयी है। सोमवार को आठ बजे गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 78.31, छतनाग में 75.06 और यमुना (नैनी) में 75.50 मीटर दर्ज किया गया था। मंगलवार की सुबह आठ बजे गंगा का फाफामऊ में गंगा जलस्तर 14 सेंटीमीटर बढ़कर 78.45 मीटर, छतनाग में 44 सेंटीमीटर की वृद्धी के साथ 75.50 और यमुना (नैनी) 46 सेंटीमीटर बढ़ोत्तरी के साथ 75.96 मीटर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में गंगा का 84 मीटर पर खतरे का निशान है। यहां तक अभी बाढ़ का पानी पहुंचना मुश्किल है। बावजूद इसके निचले इलाकों में सतर्कता के निर्देश जारी किए गये हैं। वर्तमान में पांच राहत शिविर तैयार कराए गये हैं।

जलस्तर में अधिक वृद्धि होने पर 16 अन्य शिविर संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर संगम एवं दशास्वमेध घाट पर एसडीआरएफ तैनात की गयी है। गोताखोर, जल पुलिस, एवं पीएसी बाढ़ राहत की दो कंपनियां लगाई गयी हैं।

# फर्रुखाबाद में रोडवेज बस पेड़ से टकराई, 12 घायल

एजेंसी

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर क्षेत्र में मंगलवार को ट्रक को बचाने के प्रयास में एक रोडवेज बस के पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बदायूं डिपो की एक रोडवेज बस आज तड़के करीब 4: 30 बजे क्षेत्र के ग्राम कुतलूपुर के पास से विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक को बचाने के प्रयास में




अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में 12 यात्री घायल हुए ,जिन्हें राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# स्कूल जा रहे भाई-बहन को ट्रक ने कुचला, मौत

## कानपुर-सागर हाईवे पर 15 किमी लंबा जाम

**घाटमपुर।** कानपुर के बिधनू में एक दर्दनाक घटना हुई है। यहां मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने भाई-बहन को कुचल दिया। दोनों सुबह घर से तैयार होकर एक साइकिल पर स्कूल जा रहे थे। हादसे में मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद आकोशित ग्रामीणों ने कानपुर-सागर हाईवे जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेने का प्रयास किया। लेकिन परिवार ने शव देने से साफ मना कर दिया। करीब 3



घंटे तक हाइवे पर प्रदर्शन चला। दोनों तरफ 15 किमी लंबा जाम लग गया। मौके पर डीएम, एसएसपी पहुंचे। लोगों को समझाया तब जाकर 3 घंटे तक प्रदर्शन खत्म हुआ। घटना मंगलवार सुबह 7 बजे शम्भुहा गांव की है।

### टक्कर इतनी तेज कि भाई-बहन उछलकर दूर गिरे

राकेश उर्फ हरिओम गांव के शम्भुहा गांव में रहते हैं। वो खेती किसानी करके अपना घर चलाते हैं। उनकी बेटी कशिश (10) और बेटा ऋृषभ (5) गांव के जूनियर स्कूल में पढ़ते थे। मंगलवार सुबह कशिश अपने भाई को साइकिल से लेकर स्कूल जा रही थी। तभी हाईवे पर तेज रफ्तार ने डंपर ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई-बहन उछलकर दूर गिरे। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर की स्पीड काफी तेज थी। टक्कर मारने के बाद वह मौके से डंपर समेत भाग निकला। डंपर चालक का ग्रामीणों ने पीछा करके घटनास्थल से 7 किलोमीटर दूर पतारा कस्बे से पकड़ लिया है। उसे पकड़कर को पुलिस को सौंप दिया।

# मथुरा में करंट से एक की मौत, 2 गंभीर

## बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे तीनों युवक, हाईटेंशन लाइन से उतरा करंट

**मथुरा।** मथुरा में करंट की चपेट में आने से तीन युवक झुलस गए। हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर है।

तीनों युवक बारिश से बचने के लिए नीम के पेड़ के नीचे खड़े थे तभी हाईटेंशन लाइन से पेड़ में करंट उतर आया। जिसकी चपेट में तीनों युवक आए गए। हादसा महावन थाना क्षेत्र में हुआ है। हादसे से मृतक युवक का नाम मोहित है। वह अपने भाई आकाश के साथ गांव-गांव समान बेचने का काम करता था। इसी काम से दोनों अपने परिवार का पालन कर रहे थे ।मंगलवार को मोहित और आकाश बाइक से नगला खेमा की तरफ फेरी लगाने जा रहे थे।

दोनों भाई नगला खेमा के पास पहुंचे कि तभी हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनों भाई एक नीम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए।

### नीम के पेड़ में आया करंट

इसी दौरान वहां से साइकिल पर जा रहा हयातपुर गांव का ही रहने वाला युवक सुनील भी बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। यह तीनों कुछ देर ही खड़े हुए कि नीम के पेड़ के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन में से करंट आ गया। करंट नीम के पेड़ में फैला जिससे सटकर बैठे तीनों युवक भी उसकी चपेट में आ गए।

करंट की चपेट में आने से मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भाई आकाश और दूसरा युवक सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल आकाश और सुनील को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### नवविवाहिता का फंदे पर लटका मिला शव

उन्नाव। उन्नाव के माखी थाना क्षेत्र मझखोरिया के मजरा ढोहा में नवविवाहिता का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। खेत से घर पहुंचे परिजन शव लटका देख बेहाल हो गए। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। मायके पक्ष के लोगों की ओर से तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल शुरू की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के देवीखेड़ा गांव निवासी सीमा की शादी फरवरी माह में माखी के मझखोरिया के मजरा ढोहा निवासी ललित राजपूत से हुई थी। सोमवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया।

# फिरोजाबाद में रेप के आरोपी को 20 साल की सजा

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में अपर जिला जज एवं विशेष जज पॉक्सो एक्ट प्रथम अवधेश कुमार सिंह ने किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 46 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 21 माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए हैं।

मामला थाना उत्तर क्षेत्र का 28 अप्रैल 2017 का है। पीड़िता के भाई ने दी तहरीर में कहा था कि वह नाबालिग बहन के साथ रिश्तेदारी में थाना उत्तर क्षेत्र में गया था। वहां उसके गांव मैनपुरी जिले से लोग आए थे। गांव के लोग जाने वाले थे तो उसने अपनी बहन को उन्हीं पर विश्वास करते हुए साथ भेज दिया था।

उसकी बहन को सौरव उर्फ शैतान सिंह बहला फुसलाकर साथ ले गया। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने अभियोग दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के लिए अपर जिला जज एवं विशेष जज पॉक्सो एक्ट प्रथम अवधेश कुमार न्यायालय में पहुंचे।

# 3 कंपनियों में 57 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

## लखनऊ से दूसरे राज्यों की फर्मों के लिए जारी करते थे फर्जी इनवॉयस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य जीएसटी विभाग ने 57 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है। 3 अलग-अलग कंपनी फर्जी इनवॉयस बनाकर करोड़ों की टैक्स चोरी कर रही थीं। विभागीय जांच में यह खुलासा हुआ है। इसमें लखनऊ की आरसी इंफ्रा डिजिटल सल्यूशंस, लड्डू डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड और मुंबई फिल्म इंस्टीट्यूट शामिल हैं। विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि इन कंपनियों ने 122 करोड़ रुपए का फर्जी इनवॉयस बनाया था। ये तीनों कंपनियां बिल्डिंग मैटेरियल, फिल्म इक्यूपमेंट समेत अलग-अलग व्यापार की वस्तुओं का इनवॉयस बनाने का काम करती थीं। छापामारी में दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद हुए हैं, जिसके आधार पर चोरी की बात सामने आ रही है। राज्य जीएसटी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि टीम ने ये टैक्स चोरी इंटेलीजेंस इनपुट पर पकड़ा गया है। इनके व्यापार को लेकर विभाग के अधिकारियों को शक हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रांजैक्शन में गड़बड़ी भी की गई है। जिसके बाद वाणिज्य कर कमिश्नर मिनिस्ती एस. ने इन फर्मों पर छापेमारी के आदेश दिए। छापेमारी में संयुक्त आयुक्त राज्य कर जैस्मिन, उपायुक्त एचएस दुबे ने डाटा एनेलसिस के आधार पर इस टैक्स चोरी को पकड़ा।

### 33 मुकदमे वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर पुलिस ने शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, उसके खिलाफ 33 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने क्षेत्र में लूट की घटनाओं को भी अंजाम देना शुरू कर दिया। एक व्यापारी की पत्नी के बाद थाने से चंद कदम की दूरी पर गले की चेन लूट ली थी। घटना के खुलासे के लिए व्यापारियों ने पुलिस से मांग की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटी गई चेन का एक टुकड़ा बरामद किया है। बता दें कि, आरोपी के ऊपर 3 बार गुंडा एक्ट, 3 बार गैंग्स्टर की कार्रवाई हो चुकी है। साथ ही आरोपी क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए क्षेत्र में तीन बार हत्या का प्रयास भी कर चुका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। शाहजहांपुर में 6 जुलाई को तिलहर थाने से चंद कदम की दूरी पर व्यापारी की पत्नी मंजू अग्रवाल के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।

# कानपुर में बढ़ा बाढ़ का खतरा, घाट डूबे

## स्नान पर रोक के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग; घाटों की सीढ़ियां तक डूबीं

कानपुर। पहाड़ों पर लगातार बारिश से कानपुर में कटरी के गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने फिलहाल अटल घाट समेत सभी घाटों पर बैरिकेडिंग लगा दी है ताकि लोग स्नान के लिए घाटों पर न जा सकें। सभी घाटों पर स्नान पर प्रतिबंध के बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। दूसरी ओर गंगा का जलस्तर बीते 12 घंटे में 8 सेंटीमीटर तक बढ़ा है।

### 2 लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा गया

सोमवार देर रात तक नरौरा से भी 2 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया है। इसका असर यहां तीन दिनों में पड़ेगा। वहीं कानपुर से भी 2.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिसका



असर प्रयागराज और वाराणसी के साथ ही उन्नाव के शुक्लागंज पर पड़ना तय है। कटरी के गांवों में अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

### चैनपुरवा में बाढ़ का खतरा बढ़ा

अभी तक गांव में पानी नहीं घुसा है, मगर सबसे ज्यादा खतरा चैनपुरवा गांव को है। जो गंगा की मुख्य धारा के बिल्कुल पास है। दूसरी ओर गंगा बैराज से सिंहपुर जाने वाले मार्ग पर कटरी के गांवों के लोग खुद भी रात भर जागकर निगरानी कर रहे हैं। बैराज के गेज रीडर कहते हैं कि अभी खतरा टला नहीं है। हर आधे घंटे में गंगा का जलस्तर नापा जा रहा है।

### इस प्रकार है गंगा का जलस्तर

गंगा बैराज अप स्ट्रीम -113.200 मीटर
बैराज डाउन स्ट्रीम में-112.880 मीटर
शुक्लागंज का जलस्तर- 111.670 मीटर

### पानी का डिस्चार्ज

हरिद्वार से 129352 क्यूसेक
नरौरा से 211074 क्यूसेक
कानपुर से 253900 क्यूसेक

# शार्ट न्यूज

## मासिक सदस्यता वाला फोनपे का हेल्थ इंश्योरेंस प्लेटफ़ॉर्म

**नयी दिल्ली ।** फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज ने आज प्रमुख बीमाकर्ताओं के साथ साझेदारी में काम्प्रीहेन्सिव इंश्योरेंस की पेशकश करने वाली स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसके लिए यूपीआई मासिक पेमेंट मोड की शुरूआत की गयी जिससे ये ग्राहकों के लिए अधिक किफायती हो गई हैं। फोनपे अब तक 56 लाख से अधिक पॉलिसी बेचकर देश में बीमा पर निवेश को बढ़ाने में सबसे आगे रहा है। फोनपे इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म ने भारत के 98 प्रतिशत पिन कोड पर पॉलिसियां बेची हैं और 20 करोड़ से अधिक वाहन बीमा कोटेशन प्रदान किए हैं। उसने कहा कि 1 करोड़ रुपये तक के कवरेज के साथ आने वाली ये स्वास्थ्य बीमा योजनाएं यूजरों को बिना किसी सीमा के किसी भी अस्पताल के कमरे को चुनने की अनुमति देती हैं। एक यूजर प्रत्येक दावा मुक्त वर्ष के लिए बेसिक कवर राशि के 7 गुना तक बोनस कवर जैसी नवीन सुविधाओं का भी लाभ उठा सकता है। फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग द्वारा पेश की जा रही हेल्थ इंश्योरेंस प्लान यूजरों को सूचित निर्णय लेने, क्लेम करने और अन्य सेवाओं को एक्सेस करने में मदद करने के साथ बिक्री से पहले और बाद में सहायता प्रदान करती है।

## सोने एवं हीरे के खनिज ब्लॉकों के आबंटन के लिए ई-टेंडर जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के खनिज विभाग द्वारा राज्य में तीन प्रीशियस मिनरल ब्लॉक की नीलामी के माध्यम से आबंटन के लिए ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। जीएसआई( जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया) द्वारा किये गये प्रारंभिक सर्वे में इन ब्लॉक में गोल्ड और डायमंड की संभावना बताई गई है। इसके लिए ई-नीलामी से आबंटन हेतु गत 06 जुलाई को एमएसटीसी पोर्टल में एनआईटी जारी किया गया है। भौमिकी एवं खनिकर्म के संयुक्त संचालक अनुराग दीवान ने बताया कि विश्व में प्रीशियस मिनरल्स की तेजी से बढ़ती माँग को दृष्टिगत रखते हुए राज्य द्वारा तीन प्रीशियस मिनरल ब्लॉक्स को नीलामी के माध्यम से आबंटन हेतु रखा है। इनमें जिला महासमुन्द अंतर्गत बसना-2 डायमण्ड ब्लॉक, रकबा 2500 हेक्टेयर, जिला महासमुन्द अंतर्गत चनत-जोगीदादर गोल्ड एंड एसोसियेटेड मिनरल्स ब्लॉक, रकबा 176 हेक्टेयर तथा जिला कांकेर अंतर्गत तुमरीसुर-गरदा 2 गोल्ड ब्लॉक, रकबा 240 हेक्टेयर को आबंटन हेतु रखा गया है। उन्होने बताया कि सफल बोलीदार द्वारा क्षेत्र में प्रथमत: विस्तृत पूर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत खनिज भण्डार प्रमाणित होने पर खनिपट्टा प्राप्त किया जाकर खनन संक्रिया प्रारंभ की जावेगी।

## शेयर बाजार सार्वकालिक उच्चतम शिखर पर

मुंबई। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंफोसिस, रिलायंस, एनटीपीसी, एलटी और टीसीएस समेत 13 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली बदौलत शेयर बाजार आज सार्वकालिक उच्चतम शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 205.21 अंक की उड़ान भरकर 66,795.14 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.80 अंक की तेजी लेकर 19,749.25 अंक पर रहा। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.18 प्रतिशत गिरकर 29,423.02 अंक और स्मॉलकैप 0.47 प्रतिशत लुढ़ककर 33,828.59 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3548 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1412 में लिवाली जबकि 2011 में बिकवाली हुई वहीं 125 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 21 कंपनियां हरे जबकि शेष 29 लाल निशान पर रही। बीएसई के आठ समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान आईटी 1.15, ऊर्जा 0.17, इंडस्ट्रियल्स 0.27, यूटिलिटीज 0.19, कैपिटल गुड्स 0.44, तेल एवं गैस 0.12, पावर 0.57 और टेक समूह के शेयर 1.13 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा।

## यूक्रेन के अनाज निर्यात पर क्रेमलिन ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** रूस ने यूक्रेन के अनाज को निर्यात करने देने वाला अपना फैसला रद्द कर दिया है। क्रेमलिन ने कहा है कि वह यूक्रेन के अनाज के निर्यात की अनुमति देने वाले सौदे को रोक रहा है। रूस के इस फैसले से दुनिया के कई देशों में खाद्य संकट गहरा सकता है। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यूक्रेन के अनाज पर निर्भर करने वाले तुर्की जैसे देशों की पहल पर रूस ने यूक्रेन में उपजने वाले अनाज को निर्यात करने की अनुमति दे दी है। अब रूस ने अपना यह फैसला वापस लेने का फैसला किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने काला सागर अनाज डील से हटने के रूस के फैसले की आलोचना की है। ब्लिंकन ने मॉस्को के फैसले को मूर्खतापूर्ण करार दिया और कहा कि समझौते को जितनी जल्दी हो सके बहाल किया जाना चाहिए। ब्लिंकन ने सोमवार को विदेश विभाग में कहा, मुझे उम्मीद है कि सभी देश इस पर बहुत करीब से नजर रख रहे हैं। रूस के इस कदम से दुनिया भर में महंगाई और बढ़ेगी, जब कई देश उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और तुर्की की मध्यस्थता वाले काला सागर अनाज समझौते से रूस के बाहर निकलने की घोषणा के बाद, ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने मास्को के फैसले की निंदा की। उन्होंने रूस से इस पहल में फिर से शामिल होने और अनाज के निर्यात की अनुमति देने का आह्वान किया।

## वेणुगोपाल धूत के बैंक व डीमैट खातों की कुर्की का निर्देश, वसूली के लिए लिया फैसला

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के बैंक और डीमैट खातों के साथ म्यूचुअल फंड में जमा राशि कुर्क करने का आदेश दिया है। यह आदेश कुल 5.16 लाख रुपये बकाया की वसूली के लिये दिया गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने धूत के ऊपर मार्च में जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना सुप्रीम एनर्जी में जुड़े हित के साथ कुछ लेन-देन के संदर्भ में क्वॉलिटी टेक्नो एडवाइजर्स प्राइवेट लि. और क्रेडेन्शियल फाइनेंस लि. के आपस में जुड़े होने के बारे में खुलासा नहीं करने को लेकर लगाया गया था। सेबी ने सोमवार को जारी कुर्की नोटिस में कहा कि धूत के ऊपर 5.16 लाख करोड़ रुपये का जुर्माना बकाया है। इसमें पांच लाख रुपये के जुर्माने के साथ 15,000 रुपये ब्याज तथा 1,000 रुपये वसूली लागत है। नियामक ने बकाया वसूलने के लिये सभी बैंकों, डिपॉजिटरी-सीडीएसएल और एनएसडीएल और म्यूचुअल फंड से कहा कि वे धूत के खातों से किसी भी तरह की निकासी की अनुमति न दें। हालांकि, उसमें राशि जमा करने की अनुमति होगी इसके अलावा सेबी ने बैंकों को लॉकर सहित सभी खातों को कुर्क करने का निर्देश दिया है। सेबी ने धूत के ऊपर मार्च में पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट हमारी छवि खराब करने की कोशिश

नई दिल्ली। अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर बयान जारी किया है। अपने बयान में अदाणी ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट भ्रामक और निराधार आरोपों पर आधारित थी। रिपोर्ट में जो आरोप लगाए गए वो 2004 से 2015 के बीच के थे और उन्हें उस समय संबंधित अथॉरिटी ने सही कर लिया था। यह रिपोर्ट जानबूझकर हमारी छवि खराब करने की कोशिश थी। अदाणी ने कहा कि रिपोर्ट सामने आने के तुरंत बाद हमने इसका खंडन किया। शॉर्ट सेलर फर्म द्वारा अपने निहित स्वार्थ के लिए इन दावों से फायदा उठाने की कोशिश की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और विभिन्न समाचारों में भ्रामक कहानी को प्रचारित किया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी का गठन कर मामले की जांच की। मई 2023 में रिपोर्ट सार्वजनिक की गई और इस रिपोर्ट में कोई नियामक गड़बड़ी नहीं मिली। इससे साफ है कि भारतीय बाजार को अस्थिर करने की कोशिश की गई। अदाणी समूह की वार्षिक आम सभा (एजीएम) में बोलते हुए कहा कि रिपोर्ट सामने आने के बाद हमने सब्सक्राइब्ड एफपीओ के बावजूद निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए उनके पैसे वापस करने का फैसला किया। अदाणी समूह की वार्षिक आम सभा (एजीएम) में बोलते हुए कहा कि रिपोर्ट सामने आने के बाद हमने सब्सक्राइब्ड एफपीओ के बावजूद निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए उनके पैसे वापस करने का फैसला किया। अदाणी समूह के अध्यक्ष ने कहा कि समूह ने अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से कई अरब डॉलर जुटाए हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी क्रेडिट एजेंसी ने समूह की कंपनियों की रेटिंग में कोई कटौती नहीं की।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य भूमिका निभाई

भारत में बैंक राष्ट्रीयकरण की 55वीं वर्षगांठ के अवसर पर, 300,000 से अधिक समर्पित बैंक अधिकारियों की सामूहिक आवाज का प्रतिनिधित्व करने वाला अखिल भारतीय बैंक अधिकारी महासंघ (एआईबीओसी) उस ऐतिहासिक निर्णय की सराहना करता है जिसने सार्वजनिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका का मार्ग प्रशस्त किया। हम उन चुनौतियों और खतरों पर भी प्रकाश डालते हैं जिनका सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आज सामना कर रहे हैं और उन बैंक कर्मचारियों की उचित मांगों को दोहराते हैं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपने खून और पसीने का अथक योगदान दिया है। स्वतंत्रता के बाद, सरकार को बैंकों और उद्योगपतियों के बीच सांठगांठ और कृषि के लिए बैंक ऋण की कमी की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नियमित बैंक विफलताएँ हुईं। 1960 और 1969 के बीच 48 अनिवार्य विलय, 20 स्वैच्छिक एकीकरण, भारतीय स्टेट बैंक के साथ 17 विलय, संपत्ति और देनदारियों के 125 हस्तांतरण, सभी में 210 बैंक शामिल थे। बैंकों की संख्या जो 1951 में 567 थी, 1961 में घटकर 295 हो गई और अंतत: 1967 में 91 हो गई। ऋण जमा अनुपात कम था, शाखाएँ शहरी और मेट्रो केंद्रों में केंद्रित थीं और गरीब बैंकों तक नहीं पहुँच सकते थे।

भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना 1 जुलाई 1955 को की गई थी। इसके बादसरकार ने बड़े पैमाने पर उपेक्षित ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों मेंबैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से 1969 में 14 बैंकों और फिर 1980 में 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। ऐसा कुछ व्यापारिक संस्थाओं को बैंकों के माध्यम से देश की बैंकिंग परिसंपत्तियों को नियंत्रित करने से रोकने के लिए भी किया गया था।सामाजिक नियंत्रण का उद्देश्य, बैंकिंग ऋण का यथासंभव व्यापक वितरण करना, बैंकिंग परिसंपत्तियों के दुरुपयोग को रोकना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को अधिक मात्रा में ऋण निर्देशित करना था। बैंकों का राष्ट्रीयकरण कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के व्यवसायों और उद्योग को ऋण देने में प्रभावी रहा है। 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद से, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, बचत जुटाने और कृषि, छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई), शिक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में धन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वे आर्थिक विकास, विकास को बढ़ावा देने और लाखों भारतीयों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के स्तंभ रहे हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रतिबंधों के तहत काम करते हैं, , और उन्हें प्राथमिकता क्षेत्र ऋण और निर्देशित ऋण के हिस्से के रूप में अर्थव्यवस्था के कुछ जोखिम वाले क्षेत्रों को ऋण देने की आवश्यकता होती है। खनन, लोहा और इस्पात, कपड़ा, बुनियादी ढांचे और विमानन उपक्षेत्रों में तनावग्रस्त परिसंपत्तियों में पीएसबी का हिस्सा निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में बहुत बड़ा है, क्योंकि इन उद्योगों में उनका जोखिम बहुत अधिक है। हाल ही में वे घोषित पेंशन और बीमा योजनाओं सहित सरकारी कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन में लगातार लगे हुए हैं। 7 वर्षों में 23 लाख करोड़ रुपये के 43 करोड़ मुद्रा ऋण वितरित किए गए हैं, जिनमें से बड़ा हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा दिया गया है। सामाजिक उद्देश्यों को पूरा करने के बावजूद, पीएसबी विभिन्न वित्तीय मैट्रिक्स पर निजी क्षेत्र के बैंकों के साथ सराहनीय प्रतिस्पर्धा करते हैं। समान अवसर के अभाव में, पीएसबी और निजी क्षेत्र के बैंकों का अलग-अलग पैमाने पर मूल्यांकन करना आवश्यक है। पीएसबी के प्रति निष्पक्ष होने के लिए, मालिक और नियामक को यह समझना चाहिए कि योजना के लॉन्च के पहले छह महीनों के भीतर 16.5 बिलियन जन-धन खाते बनाने के लिए, इन पीएसबी ने अन्य गतिविधियों की कीमत पर अपने सभी संसाधनों का उपयोग किया है। इसके विपरीत, निजी क्षेत्र के बैंकों ने केवल 68 मिलियन जन-धन खाते (4त्न) खोले।

# जी 20 एफएमसीबीजी में क्रिप्टो परिसंपत्तियों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

गांधीनगर। जी 20 देशों के वित्त मंत्रियों ने वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण के साथ ही जोखिम पर भी चर्चा की और कर्ज के संकट के फंसे देशों के लिए समन्वित सुविधा के साथ ही जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिम के लिए वित्त पोषण और क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर भी विचार विमर्श किया।




भारत की अध्यक्षता में हो रही जी 20 की बैठक के तहत जी 20 वित्त मंत्रियों एवं केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की यहां आयोजित दो दिवसीय तीसरी बैठक के समापन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस बैठक में हुयी चर्चा की आज संवाददाताओं को जानकारी दी। इस बैठक का आयोजन श्रीमती सीतारमण और श्री दास की संयुक्त अध्यक्षता में की गयी थी। बैठक में जी20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (आईओ) के प्रमुखों सहित 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीतारमण ने कहा कि बैठक का आयोजन वैश्विक अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्वास्थ्य, सतत वित्त और बुनियादी ढांचे, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचा, अंतर्राष्ट्रीय कराधान और वित्तीय क्षेत्र एवं वित्तीय समावेशन पर आधारित पांच विषयगत सत्रों पर किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में 2023 के लिए भारतीय जी 20 अध्यक्षता के तहत वित्त ट्रैक के प्रमुख वितरण पर चर्चा की गई। भारतीय अध्यक्षता को सभी एजेंडा पर व्यापक समर्थन मिला। सदस्यों ने वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और जोखिमों पर चर्चा की, जिसमें खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के व्यापक आर्थिक निहितार्थ शामिल हैं। सदस्यों ने जलवायु परिवर्तन और इससे उत्पन्न आर्थिक जोखिमों पर जी-20 रिपोर्ट का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने की प्राथमिकता के तहत, सदस्यों ने एमडीबी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और विकसित करने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार किया। इसको लेकर विशेषज्ञ समूह द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट के खंड एक की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए सदस्यों ने साझा किया कि एमडीबी अपनी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए इन सिफारिशों पर चर्चा करना चुन सकते हैं। एमडीबी की वित्तीय क्षमता को मजबूत करने पर अक्टूबर 2023 में चौथी एफएमसीबीजी बैठक के मौके पर एक उच्च स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। जी 20 सदस्यों ने %एमडीबी की पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (सीएएफ) की जी 20 स्वतंत्र समीक्षा की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप% का भी समर्थन किया। यह रोडमैप एमडीबी में अधिक उधार संसाधनों को अनलॉक करने में मदद करेगा।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि वैश्विक ऋण कमजोरियों का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र है, जो वैश्विक चिंताओं को आवाज देने के लिए भारतीय अध्यक्षता के प्रयास को दर्शाता है। जी-20 के सदस्यों ने इस बात पर सक्रिय रूप से विचार-विमर्श किया है कि बिगड़ती ऋण स्थिति को प्रभावी ढंग से संबोधित करने और ऋण-संकटग्रस्त देशों के लिए समन्वित ऋण की सुविधा के लिए बहुपक्षीय समन्वय को कैसे मजबूत किया जाए।

जी-20 के सदस्यों ने साझा ढांचे के तहत और उससे आगे चल रहे विभिन्न ऋण व्यवस्था मामलों में हुई प्रगति का स्वागत किया और इन मामलों के त्वरित और समयबद्ध समाधान का आह्वान किया। उन्होंने कम और मध्यम आय वाले देशों में ऋण कमजोरियों को प्रभावी, व्यापक और व्यवस्थित तरीके से संबोधित करने के महत्व पर भी जोर दिया।

## सैमसंग इंडिया ने की सॉल्व फॉर टुमॉरो की शीर्ष 10 टीमों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी सैमसंग इंडिया ने आज अपनी राष्ट्रीय शिक्षा और इनोवेशन प्रतियोगिता 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' की शीर्ष 10 टीमों की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि ये 10 टीमें समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने, फसलों में कीटों और रोगों की पहचान करने, बचे भोजन का उपयोग करने, समुद्र तटों की सफाई करने, कम श्रवण शक्ति वाले व्यक्तियों को अधिक एक्सेस देने के लिए ज्यादा टिकाऊ चमड़े की शोधन प्रक्रिया विकसित करने जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के नए आइडिया लेकर आई हैं। उनके आइडिया का मकसद सांकेतिक भाषा के यूजरों के बीच 'कम्?युनिकेशन गैप' को कम करने, गुमशुदा बच्चों की तलाश करने, लोगों को गर्मियों में ठंड का अहसास दिलाने और दृष्टिबाधित लोगों की पढ़ने में मदद करना है। शीर्ष 10 टीमें उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, असम के लखीमपुर और गोलाघाट, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, गुजरात के सूरत और अहमदाबाद, केरल के एर्नाकुलम, चेन्नई और दिल्ली जैसे शहरों से हैं। प्रतियोगिता के दूसरे वर्ष के लिए




कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली के साथ हाथ मिलाया है। आईआईटी दिल्ली में एक बूटकैंप के बाद सॉल्व फॉर टुमॉरो 2023 की शीर्ष 10 टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। इन टीमों ने सैमसंग इंडिया के ऑफिसों, इसके अनुसंधान एवं विकास केंद्रों, डिजाइन केंद्र और बेंगलुरु में सैमसंग ओपेरा हाउस का दौरा किया, जहां उन्होंने सैमसंग के कर्मचारियों और शोधार्थियों से संवाद किया। इसके बाद सैमसंग और उसके पार्टनर एफआईटीटी और स्टार्टअप हब ने उनका मार्गदर्शन किया, जिससे उन्हें अपने आइडिया को बेहतर बनाने में मदद मिली। प्रत्येक टीम को शुरुआती प्रोटोटाइप बनाने के लिए 20,000 रुपये भी दिये गये और फिर उन्होंने अपने आइडिया को युवा सैमसंग कर्मचारियों की एक जूरी के समक्ष प्रस्तुत किया।

# इनकैश ने ओलंपस प्लेटफॉर्म किया लांच

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्मार्ट व्यय प्रबंधन प्लेटफॉर्म इनकैश ने उद्योग जगत का पहला समाधान ओलंपस लॉन्च किया है जो व्यावसायिक तौर पर पेयबल और रिसीवेबल को स्वचालित करता है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि मध्यम आकार और विशेष रूप से पारंपरिक व्यवसायों में उच्च लागत और प्रयासों को देखते हुए डिजिटल भुगतान के अनुभव और पहुँच की कमी है। जबकि बड़ी कंपनियों को बैंकों और उनके सॉफ्टवेयर प्रदाताओं से वांछित प्रौद्योगिकी समाधान मिलते हैं, स्टार्टअप और छोटे से मध्यम आकार के व्यवसायों ने लंबे समय तक संघर्ष किया है।

इनकैश का प्लेटफॉर्म, ओलंपस, स्टार्टअप और छोटे से मध्यम आकार के व्यवसायों पर केंद्रित है और पूरी तरह से प्लग एंड प्ले एकीकरण क्षमता के साथ आता है। यह किसी भी व्यवसाय के मौजूदा अकाउंटिंग और एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर को सहजता से कवर करता है।

यह भुगतान और संग्रहण को सुव्यवस्थित करने के लिए अत्यधिक लागत प्रभावी और बेहतर अनुभव प्रदान करता है। व्यवसाय अपने ऑडिट, नीतियों, प्रक्रियाओं और बैंकिंग संबंधों को बाधित किए बिना एक आसान 2-स्टेप प्रक्रिया के साथ स्वयं को शामिल कर सकते हैं।

ओलंपस एक प्रौद्योगिकी स्टैक है जिसे ऑडिटिंग प्रक्रियाओं में अधिक दक्षता और 100 प्रतिशत सटीकता के साथ व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लेनदेन एंट्री, बैंक सामंजस्य, भुगतान प्रबंधन, संग्रह प्रबंधन, स्पेंड ट्रैकिंग और चालान प्रबंधन जैसी बोझिल और दोहराव वाली मैनुअल प्रक्रियाओं को भी स्वचालित करता है।

# सड़क सुरक्षा सरकार के लिए एक उच्च प्राथमिकता का क्षेत्र

नयी दिल्ली। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने ओडिशा सरकार के सहयोग से 'सड़क सुरक्षा में कॉर्पोरेट्स की भूमिका' पर मंगलवार को एक सम्मेलन आयोजित किया जिसमें पूरे भारत में सड़क सुरक्षा इनोवेशन और रणनीतियों के बारे में विचारकों, उद्योग विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और कॉर्पोरेट ने सार्थक बातचीत की।

इस दौरान फिक्की ने कॉर्पोरेट जगत द्वारा सड़क सुरक्षा मे उत्कृष्ट कार्य के लिए 'रोड सेफ्टी 'अवार्ड प्रदान किए। इसके अलावा 'फिक्की' ने अन्सर्ट एंड यंग (ईवाई) के सहयोग से निर्मित 'रोड सेफ्टी इन इंडिया -नेविगेटिंग थ्रो नाउंसेज' रिपोर्ट भी रिलीज की। सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने और कॉरपोरेट भागीदारी को प्रोत्साहित करने के विषय के तहत, फिक्की ने सम्मेलन में प्रतिनिधियों का स्वागत किया, जिसमें ओडिशा सरकार की परिवहन, जल और वाणिज्य मंत्री तुकुनी साहू उपस्थित रहीं।

ओडिशा की परिवहन, जल संसाधन एवं वाणिज्य मंत्री तुकुनी साहू ने कहा, सड़क सुरक्षा सरकार के लिए एक उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। हमने अपनी सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए चार स्तरीय रणनीति अपनाई है, जिसमें प्रवर्तन, शिक्षा, सड़क इंजीनियरिंग में सुधार और आपातकालीन देखभाल शामिल है। सड़क सुरक्षा में कॉरपोरेट की भूमिका पर फिक्की सम्मेलन को संबोधित करते हुए साहू ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ओडिशा सरकार द्वारा की गई पहल पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने इस क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति हासिल करने के लिए कॉरपोरेट और सरकार के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। हम एक स्वचालित ड्राइविंग केंद्र पर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर मैं फिक्की अध्यक्ष और हमारे सम्मानित अतिथियों का हार्दिक स्वागत करती हूं, क्योंकि हम सड़क पर मानव जीवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए हाथ मिलाते हैं। सीटबेल्ट और हेलमेट जरूरी है, अत्यधिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए न केवल राजमार्गों पर बल्कि सभी सड़कों पर भी इसका उपयोग किया जाना चाहिए।

सम्मेलन में फिक्की फोरम ऑफ पार्लियामेंटेरियन्स के अध्यक्ष एवं संसद सदस्य राजीव प्रताप रूडी ने सार्वजनिक नीति में अपने व्यापक अनुभव के आधार पर सड़क सुरक्षा पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की और सुरक्षित सड़क नेटवर्क के निर्माण में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और कॉरपोरेट्स, नीति निर्माताओं और नागरिकों को एक साथ आना चाहिए और सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने का प्रयास करना चाहिए। सहयोगात्मक रूप से काम करके, हम सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं।

फिक्की के अध्यक्ष और इंडियन मेटल्स एंड फेरो अलॉयज (आईएमएफए) के प्रबंध निदेशक शुभ्रकांत पांडा ने कहा,

सड़कें किसी भी देश के बुनियादी ढांचे के गतिशील विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू हैं। लगभग 63 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों और अन्य सड़कों के साथ, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। मानवीय व्यवहार और अपर्याप्त प्रवर्तन सड़क दुर्घटनाओं के दो प्रमुख कारण बने हुए हैं जो न केवल परिवार को, बल्कि अर्थव्यवस्था और देश को भी प्रतिकूल प्रभावित करते हैं।

ओडिशा सरकार की प्रधान सचिव उषा पाधी ने इस आयोजन के लिए अपनी सराहना व्यक्त की और सड़क सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, फिक्की ने इस सम्मेलन का आयोजन करके एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया है।

# सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले फैब परियोजना के लिए पूरी तैयारी है : वेदांता समूह

नयी दिल्ली। वेदांता समूह ने कहा है कि वह भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब कारखाना लागाने की अपनी परियोजना को लेकर प्रतिबद्ध तथा तैयार है तथा इसके लिए प्रौद्योगिकी और शेयर पूंजी की भागीदारी करने वालों के साथ उसकी बातचीत में पर्याप्त प्रगति हो चुकी है।

वेदांता समूह ने कहा है कि वह सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब उद्योग को प्रोत्साहित करने की नीति के साथ अपने प्रस्ताव पर सरकार की मंजूरी मिलते ही परियोजना पर काम शुरू कर सकता है।

वेदांता सेमीकंडक्टर एंड डिस्प्ले के वैश्विक प्रबंध निदेशक आकर्ष हेब्बर ने मंगलवार को एक बयान में कहा, वेदांता समूह गुजरात के




अहमदाबाद जिले में धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र में भारत का पहला सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सेमीकंडक्टर के मामले में प्रौद्योगिकी प्रदान करने वालों और शेयर पूंजी लगाने वालों के साथ समझौता करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति हुई है और इस बारे में हम जल्द ही एक घोषणा करेंगे।

हेब्बर ने कहा कि समूह ने अपनी इस परियोजना की दिशा में आगे बढता जा रहा है और कई महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिए हैं। उन्होंने कहा, हमने 100 से अधिक वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं और सहायक उद्योगों के साथ काम किया है जो सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे। गुजरात सरकार ने हमें धोलेरा में जमीन आवंटित की है और फैब के निर्माण के लिए इसे तैयार करने का काम पहले से ही चल रहा है।

उन्होंने कहा कि डिस्प्ले फैब के लिए वेदांता ने इनोलक्स के साथ हमारी पहले से ही साझेदारी कर रखी है और उसके उसके पूर्ण सहयोग से तेजी से काम पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

## भारतीय मूल की उद्यमी अंजलि सूद ने संभाबी 'टूबी' की कमान

नई दिल्ली। भारतीय मूल की उद्यमी अंजलि सूद 'टूबी' की नई मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होंगी। वह इस पद पर कंपनी के संस्थापक व वर्तमान सीईओ फरहाद मसूदी की जगह लेंगी। टूबी 'फॉक्स कॉरपोरेशन' की स्ट्रीमिंग टेलीविजन सेवा है, जिसपर उपलब्ध सामग्री को लोग निःशुल्क देख सकते हैं, लेकिन इसपर विज्ञापन आते हैं। कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि सूद एक सितंबर को पदभार ग्रहण करेंगी। 'टूबी मीडिया ग्रुप' के सीईओ पॉल चीसब्रो ने कहा, ''अंजलि प्रौद्योगिकी और मीडिया उद्योग की एक बेहद निपुण सदस्य हैं।'' वह काम के प्रति बेहद जुनूनी हैं और उनका कुशल नेतृत्व करने का रिकॉर्ड रहा है। वहीं सूद ने अपनी नियुक्ति की जानकारी देते हुए ट्वीट किया, '' मैं दर्शकों को सशक्त बनाने के लिए अपने नए सफर की शुरुआत को लेकर उत्साहित हूं...

## आईआईएफएल एचएफएल को किफायती होम लोन के लिए पांच करोड़ डॉलर का कर्ज

**नयी दिल्ली।** डिजिटल फर्स्ट होम फाइनेंस कंपनी और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) से इन्वेस्टमेंट प्राप्त आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ने अमेरिका की एक एजेंसी यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन से पांच करोड़ डॉलर का कर्ज प्राप्त किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कर्ज से मिली रकम का इस्तेमाल टिकाऊ आवास पर विशेष ध्यान देते हुए अफोर्डेबल होम लोन बांटने में किया जाएगा। आईआईएफएल एचएफएल टियर 1, 2, 3 और 4 शहरों व कस्बों में अपने व्यापक पैन इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय समूहों (एलआईजी) की विभिन्न वित्तीय जरूरतों को पूरा करती है। कंपनी ने 31 मार्च 2023 तक अनौपचारिक आय वर्ग में लगभग 1 लाख ग्राहकों के घर के सपने को पूरा किया है और 213,700 से अधिक पहली बार घर बनाने वालों को सेवा प्रदान की है। इसके अलावा, आईआईएफएल एचएफएल ने भारत सरकार के सभी के लिए आवास मिशन के तहत पहली बार घर बनाने वाले 73,000 से अधिक सीएलएसएस-पीएमएवाई (यू) लाभार्थियों को 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी की सुविधा दी है।

## आसन्न लोकसभा 2024 का महासंग्राम

# उत्तरप्रदेश में बिछा बिसात, दिखाएगा रंग



गोपाल झा

राजनीती में अकेले चलो की राजनीती भी बहुत काम करती है, समय-समय पर इसके नतीजे भी सामने आते है। उत्तरप्रदेश के बीते विधानसभा 2017 में कांग्रेस ने सपा से गठबंधन किया, परिणाम के बाद तमाम सपा नेता कहते फिरते थे कि कांग्रेस से गठबंधन नहीं करना था, बहुत से तर्क देते थे कि कांग्रेस अपना वोट पाती और सपा जीत जाती।

जबकि 2017 में दो महीने पहले तक राजनितिक माहौल था कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बन रही है, बसपा ने दलित मुस्लिम गठबंधन मजबूत बना लिया था यहाँ तक कि 100 से ज्यादा टिकट मुस्लिम समाज के नेताओं को दिया था।

लेकिन कांग्रेस से गठबंधन का ही परिणाम था कि मुस्लिम समाज सपा से जुड़ा रहा और 47 सीट सपा जीतने में कामयाब रही। अगर कांग्रेस से गठबंधन नहीं हुआ होता तो बसपा सरकार बनाने के करीब होती और बीजेपी को मौका नहीं मिलता।

लेकिन कई इंटरव्यू में सपा नेताओं ने यह बात कही की कांग्रेस से गठबंधन नहीं होना था।

2019 लोकसभा चुनाव आया बसपा और सपा ने आपस में गठबंधन कर लिया, कांग्रेस को केवल रायबरेली और अमेठी में समर्थन दे दिया और आपस में सीटें बाँट लिया।

पता चला कांग्रेस ने हर सीट पर प्रत्याशी उतरा और कांग्रेस के वोटरों ने अपने वोट दूसरी जगह ट्रांसफर कर दिए। इतना बड़ा गठबंधन धड़ाम हो गया केवल 15 सीट ही जीत पाया।

उसके बाद 2022 विधानसभा चुनाव आया, फिर सपा ने कई दलों से गठबंधन किया यहाँ तक कि बसपा के विधायकों को तोड़ कर अपनी पार्टी में मिला लिया, सारे बड़े बसपा के महारथी जिनकी विचारधारा सेक्युलर थी वे सपा में चले गए, लेकिन सपा के सिपहसालार समझा चुके थे कि 2017 में कांग्रेस से गठबंधन से नुक्सान हुआ था तो अखिलेश यादव ने कांग्रेस से गठबंधन नहीं किया और बसपा का गठबंधन तो लोकसभा के परिणाम के बाद ही टूट चुका था, नतीजा क्या हुआ सपा केवल 111 सीट पर सिमट गयी. जबकि सरकार बनाने के लिए 203 सीट चाहिए थी और सपा 92 सीट पीछे रह गयी।

### अब पता चला कि, समाजवादी पार्टी कांग्रेस के पीछे पीछे पटना से बंगलौर भाग रही है!

2024 के चुनाव में गठबंधन के लिए. बसपा अकेले लड़ेगी तो भी उसका नुक्सान नहीं है, यह जिम्मेदारी कांग्रेस की थी कि बसपा को लाने की कोसिस करती, कांग्रेस ने किया भी था, कम से कम चार बड़े कांग्रेस के नेताओ ने बातचीत चलायी थी लेकिन उत्तर प्रदेश में सपा की जिद की वजह से मामला नहीं बन पाया उसके पीछे बैक ऑफिस में दूसरी बात है।

सपा ने यह समझा दिया है कि अब बसपा सिमट गयी है और उसके वोट का एक बड़ा हिस्सा सपा में आ गया है और एक बड़ा हिस्सा बीजेपी को वोट करता है। हर विधानससभा में बसपा 25000 के औसत से वोट पा रही है, अब उसके वोट बैंक को रिस्टोर करने का मौका नहीं देना चाहिए, क्योंकि बसपा में अब पिछड़े समाज के मौर्या, कुर्मी, पाल, निषाद आदि नहीं रह गए हैं।

वैसे कांग्रेस को अब भी लगता है कि, बसपा से गठबंधन होने पर उसका लाभ पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में मिल सकता है।

वैसे भी बसपा को केवल उत्तर प्रदेश में ज्यादा साथ की जरूरत है और कांग्रेस का संगठन उत्तर प्रदेश में कमजोर है, लेकिन सपा की जिद की वजह से नितीश कुमार जो कांग्रेस की राजनितिक दुश्मन कही जाने वाली टीएमसी, लेफ्ट, बीएसआर से बात करते हैं लेकिन बसपा से नहीं।

अब विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस और मजबूती से लीड करेगी और मैं समझता हूं कि अगर कोई तकनीकी कारण न हुआ तो 2024 में बसपा भी विपक्ष के गठबंधन में रहेगी।

अगर किसी कारणवश नहीं रही तो इसका सीधा फायदा बीजेपी को मिलना तय है। कांग्रेस सपा को छोड़ सकती है लेकिन बसपा से गठबंधन जरूर करना चाहेगी।

### रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत और अर्जेंटीना

**नयी दिल्ली।** भारत और अर्जेंटीना ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के दौरे पर आए अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज एनरिक तायाना के साथ मंगलवार को यहां रक्षा संबंधों पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने के उपायों सहित रक्षा सहयोग के अन्य पहलुओं पर बातचीत की। बातचीत के बाद सिंह ने ट्वीट कर कहा कि अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। इससे पहले दिन में, अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया और शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। वार्ता से पहले, जॉर्ज तायाना को तीनो रक्षा सेवाओं की तरफ से गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया किया गया। तायाना भारत की चार दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे थे। उनके साथ अर्जेंटीना के रक्षा मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के सचिव फ्रांसिस्को कैफ़िएरो भी आए हैं। अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस का दौरा किया। वह बेंगलुरु भी जाएंगे और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सुविधाओं का दौरा करेंगे और इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा स्टार्ट-अप के साथ अलग से बातचीत करेंगे।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शनों का मामला बृजमोहन ने विधानसभा में उठाया

- 19,269 ग्रामों का लक्ष्य सिर्फ 1,670 गांव में ही कार्य पूर्ण
- 3,567 गावों में पाईप लाईन बिछाने के बाद भी पानी चालू नही
- 445 गावों में घरों में नल के स्टैंड लगाकर, गांव में लाइन ही नही बिछाया
- 22 गावों में सिर्फ पानी टंकी खड़ी है, पाइप लाइन हो नही है
- भूपेश सरकार गरीबों को नल से जल देने में अक्षम
- आदिवासी बंधुओ को नल से पानी नहीं दे पा रही है भूपेश बघेल सरकार : बृजमोहन

**रायपुर।** भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश भर के गावों में नल कनेक्शन नहीं लगाए जाने का मामला विधानसभा में उठाया। पी एच ई मंत्री ने जवाब में बताया कि 50.10 लाख घरों में नल कनेक्शन दिया जाना था। परंतु अभी तक सिर्फ 24.20 लाख ग्रामीण परिवारों के घरों में नल कनेक्शन दिया गया है। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया की वर्ष 2023 में 19,278 ग्रामों में कार्य पूर्ण किया जाना था किंतु अभी तक मात्र 1,670 गांव में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। अग्रवाल ने प्रश्न में लोक स्वास्थ्य मंत्री से जानना चाहा कि प्रदेश के कितने जिलों में कितने नल कनेक्शन कितने घर में दिए जाने थे? 22 जून 2023 की स्थिति में कितने घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं? कितने प्रतिशत गांव में कार्य पूर्ण हो जाना था व कितने गांव में कार्य पूर्ण हो गए हैं? कितने गांव में पाइपलाइन बिछा दी गई है और कितने गांव में पानी देना प्रारंभ हो गए हैं? अभी कितने गांव में पानी देना प्रारंभ नहीं हुआ है? कितने ऐसे गांव हैं जहां घरों में स्टैंड लगा हुआ है और पाइप लाइन बिछाए जाने के काम अभी प्रारंभ नहीं हुआ है? ऐसे कितने गांव हैं जहां पानी टंकी बनाई जा चुकी है और पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है? प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में से कितने परिवारों को कनेक्शन दिया जाना था व अब तक कितने प्रमुख बने कनेक्शन दिए गए हैं? कितने कितने घरों में पानी दिया जाना चालू हो गया है? बताएं। पीएचई मंत्री ने जानकारी दी है कि प्रदेश में 50.10 लाख ग्रामीण परिवारों के घरों में नल कनेक्शन दिए जाने हैं। 22 जून 2023 की स्थिति में मात्र 24.20 लाख ग्रामीण परिवारों के घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं। जल जीवन मिशन की वार्षिक कार्य योजना 2023 के तहत 19,278 ग्रामों में कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है उनके विरुद्ध मात्र 1,670 गांव में ही शत प्रतिशत काम हो पाया है। 1,0194 गांव में पाइप लाइन बिछाई गई है जिसमें मात्र 6,627 गांव में ही पानी देना प्रारंभ हो गया है। अभी भी जिन गांव में पाइप लाइन बिछाई गई है उसमें 3,567 गांव में पानी देना प्रारंभ नहीं हुआ है। प्रदेश में 445 गांव ऐसे हैं जहां पर घरों में नल का स्टैंड लगा दिया गया है पर उस गांव में पाइप लाइन बिछाने का काम अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। 22 गांव ऐसे भी हैं जहां पानी की टंकी बनाई जा चुकी है पर पाइप लाइन हो नहीं बिछाई गई है प्रदेश के अनुसूचित घोषित क्षेत्रों में से 25 लाख 65 हजार परिवारों को कनेक्शन दिया जाना है। अभी तक 10 लाख 69 हजार परिवारों को ही कनेक्शन दिया गया है उसमे भी मात्र 6 लाख 67 हजार कनेक्शन में ही पानी चालू हुआ है। प्रदेश सरकार नल जल योजना के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार में लगी हुई है बार-बार टेंडर निरस्त करना और भ्रष्टाचार की बोली बढ़ाना इस सरकार का चेहरा बन गए हैं।

## शार्ट न्यूज

### पंजाबी फिल्म 'शाटर' में 'बूटी शेक' लेकर हाज़िर हुई प्रिया मल्लिक .!



अपनी मधुर आवाज़ से हर दिलों में खास जगह बना चुकी पार्श्वगायिका प्रिया मल्लिक ने अब एक पंजाबी फिल्म शाटर में रॉकिंग पार्टी सॉन्ग बूटी शेक गाकर जबरदस्त सुर्खियाँ बटोरी हैं। कल ही इस गाने को ड्रीम्ज म्यूज़िक के यूट्यूब चैनल सहित तमाम म्यूज़िक प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज़ किया गया है। इसके पहले प्रिया मल्लिक ने मैथिली, हिंदी, भोजपुरी सहित दर्जनों भाषाओं में एक से बढ़कर एक गीत गाया है। कल रिलीज़ हुए पार्टी सॉन्ग बूटी शेक का क्रेज धीरे धीरे लोगों के अंदर घर करते जा रहा है और इसे अच्छा व्यूज़ भी मिलना शुरू हो चुका है। उम्मीद है कि प्रिया मल्लिक की आवाज़ का जादू इस गाने के साथ जल्द ही लोगों के सर चढ़ कर बोलने लगेगा। बूटी शेक को नीरज श्रीधर और प्रिया मल्लिक ने ड्यूएट पार्टी सॉन्ग के रूप में गाया है। इस गीत के बोल लिखे हैं भानु ठाकुर ने जबकि इसके संगीत बनाए हैं संदीप सक्सेना ने।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को मिल रही है मदद : दीपिका सिंह



**सोनभद्र।** सखी वन स्टॉप सेंटर लोढ़ी में दो अलग अलग पीड़ित महिलाओं द्वारा पूर्व में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया जिसमे घरेलू हिंसा से सम्बंधित प्रकरण था। इसपर जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के त्वरित निर्देश के क्रम में वन स्टाप सेन्टर केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह द्वारा दोनो पक्षों के परिवार को केन्द्र पर बुला कर उन सभी की काउन्सलिग कराते हुए सविधि परामर्श दी गई जिसपर अलग-अलग दोनों उभय पक्ष एक साथ रहने के लिये तैयार हो गये साथ ही केन्द्र के स्टाफ़ नर्स द्वारा भी सेन्टर पर उपस्थित गर्भवती महिला को सबंधित उचित सलाह दी गयी। उमा चतुर्वेदी परामर्शदाता द्वारा बताया गया कि वन स्टाप सेन्टर का मुख्य उद्देश्य परिवार, समुदाय और कार्य स्थल पर, हिंसा से प्रभावित, निजी और सार्वजनिक स्थानों में प्रभावित महिलाओं की सहायता करना है। हिंसा की शिकार महिला के लिए जब कोई सुरक्षित आश्रय स्थल नहीं होता, तब वन स्टॉप सेंटर उनकी मदद करता है। सेंटर के माध्यम से किसी भी उम्र, वर्ग, शिक्षा की स्थिति, वैवाहिक स्थिति, जाति, शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं को सहायता और निवारण प्रदान कराया जाता है। मौकेपर सामाजिक कार्यकर्ता तनु सिंह, आरती पाठक स्टाफ़ नर्स आदि समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार ने गुजरात के छह जिलों को 'भूमि सम्मान' अवॉर्ड से किया सम्मानित

**गांधीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य के छह जिलों को 'भूमि सम्मान-प्लेटिनम सर्टिफिकेट' प्रदान किए। सरकारी सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राजस्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के अंतर्गत 'भूमि सम्मान' अवॉर्ड के लिए गुजरात के तीन आदिवासी बहुल जिलों सहित कुल छह जिलों का चयन किया है। श्रीमती मुर्मू के करकमलों से आज राज्य के इन छह जिलों को 'भूमि सम्मान- प्लेटिनम सर्टिफिकेट' प्रदान किए गए। गुजरात सरकार की ओर से भूमि सुधार आयुक्त पी. स्वरूप, स्टाम्प अधीक्षक तथा पंजीकरण सर निरीक्षक जेनु देवन, सेटलमेंट आयुक्त एम. ए. पंड्या ने यह अवॉर्ड स्वीकार किए। केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा इस दिशा में लागू कार्यक्रम 'डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम' के अंतर्गत राज्य में राजस्व सेवाओं को ऑनलाइन, अद्यतन और पारदर्शी बनाने को लेकर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है।

### जौड़ामाजरा ने बाढ़ प्रभावित गाँवों का किया दौरा

चंडीगढ़। पंजाब के सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने मंगलवार को समाना हलके के बाढ़ प्रभावित गाँवों का दौरा किया। जौड़ामाजरा ने गाँव वजीदपुर, जाहलां, बिशनपुर छन्ना, कौरजीवाला, कल्याण, उच्चा गाऊं, इंद्रपुरा, धर्मकोट, खेड़ी मणीआ, दुघाट, ददहेड़ा आदि गाँवों के दौरे के दौरान बाढ़ के कारण हुए फसलों, वित्तीय नुकसान और अन्य बुनियादी ढांचे को पहुँचे नुकसान का जायज़ा लिया। जौड़ामाजरा ने कहा कि उन्होंने लोगों की समस्याओं के बारे पहले भी मुख्यमंत्री भगवंत मान को अवगत करवाया है और अपील की है कि राहत और पुनर्वास के कामों में और तेज़ी लाई जाये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण इलाके के लोगों को भारी परेशानी हुई है।

# बृजमोहन अग्रवाल ने कैम्पा का मामला विधानसभा में उठाया

## कैम्पा मद से भारत सरकार से 4 साल में 2,856.29 करोड़ प्राप्त

**रायपुर।** भाजपा विधायक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कैम्पा मद से प्राप्त राशि और उनके उपयोग का मामला विधानसभा में उठाते हुए वन मंत्री से जानना चाहा कि 1 जनवरी 2020 से 20 जून 2023 तक कुल कितनी राशि केंद्र सरकार से प्राप्त हुई है? 2019 के पहले कितनी राशि जमा थी? कैम्पा से कितनी राशि किन-किन जिलों को आवंटित की गई है?

वृक्षारोपण के लिए कितनी राशि आवंटित की गई है, और कितनी राशि खर्च की गई है? कैंपा मद की राशि में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और क्या कार्रवाई की गई है? नियमों व शर्तों के खिलाफ जाकर क्या खरीदी करने की शिकायत मिली है और क्या कार्रवाई की गई है?

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि 4 सालों में भारत सरकार से कैम्पा मद में 2,858.29 करोड पर प्राप्त हुआ है वही 2019 के पूर्व 146.31 करोड़ की राशि भी जमा थी। विभाग ने विभिन्न जिलों को 3 हजार 89 करोड़ 59 लाख की राशि जारी कर दी है। जिसमें 324.33 करोड़ रूपया



वृक्षारोपण के लिए जारी किया गया है। उसमें से 226.30 करोड़ खर्च कर दी गई है।

कैम्पा की राशि में अनियमितता भ्रष्टाचार एवं खरीदी के 184 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें से अधिकतर शिकायतों में जांच प्रक्रियाधीन है किसी भी शिकायत में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अग्रवाल ने कहा है कि भारत सरकार से 3,000 करोड़ से अधिक राशि मिल जाने के बाद भी प्रदेश के वनों में न तो कोई विकास हुआ और ना ही वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन में कुछ सुधार हुआ इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी जंगल समाप्त हो रहे हैं जनजातियों की स्थिति बद से बदतर हो रही है और तो और वन्य प्राणियों के भी लगातार शिकार और मौतें हो रही है।

अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार, भारत सरकार से मिले कैम्पा मद की राशि का खुला दुरुपयोग कर रही है। कैम्पा मद की राशि से सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार और लूट किया जा रहा है। कैम्पा मद की राशि छत्तीसगढ़ सरकार का लूट का बड़ा माध्यम बन गया हैं।

अग्रवाल ने कहा है कि कैम्पा मद की 3,089 करोड़ की राशि के बंदरबांट की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

### पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता घायल

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्चा के राजस्थान लोकसेवा आयोग (आरपीएससी) महाघेराव में मंगलवार को पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा के दो दर्जन कार्यकर्ता घायल हो गए। महाघेराव के दौरान अवरोधक को तोड़कर जाना चाह रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं और उनके नेताओं को पुलिस ने धारा 144 और आयोग में चल रहे साक्षात्कारों का हवाला देकर रोकना चाहा लेकिन कार्यकर्ता नहीं रूके। इस पर पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

# 'शिक्षा चौपाल' से विद्यालयों को निपुण बनाने की तैयारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार छोटे बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में सरकार निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रही है। अब योगी सरकार ने मिशन को गति प्रदान करने तथा जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रत्येक माह समुदाय स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में शिक्षा चौपाल आयोजित कराए जाने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी जनभागीदारी एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक माह विकासखंड के 3 ग्रामों में शिक्षा चौपाल का आयोजन कराएंगे। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय की ओर से समस्त बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के आदेश के अनुसार, शिक्षक चौपाल में अधिक से अधिक जनभागीदारी के लिए खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के एक सप्ताह पूर्व कार्यक्रम स्थल एवं तिथि का निर्धारण करते हुए अपने विकासखंड में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा संबंधित शिक्षकों एवं अभिभावकों को आमंत्रित किया जाए। चौपाल की समयावधि लगभग 01 घंटे की होगी। चौपाल की तैयारी के लिए एआरपी से अपेक्षित सहयोग प्राप्त करते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया जाए।

### चौथी जी-20 रोजगार कार्य समूह और श्रम मंत्रियों की बैठक इंदौर में बुधवार को

नयी दिल्ली। मध्यप्रदेश के इंदौर में बुधवार को होने वाली चौथी रोजगार कार्य समूह बैठक मंत्रिस्तरीय घोषणा और परिणाम दस्तावेजों को अंतिम रूप देने पर केंद्रित होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव करेंगे और इसमें विभिन्न देशों के 24 मंत्री शामिल होंगे। इस दौरान जी-20 सदस्यों और अतिथि देशों, अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों और बिजनेस-20, लेबर-20, स्टार्टअप-20, थिंक-20 और यूथ-20 जैसे समूहों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। चौथी ईडब्ल्यूजी बैठक में 86 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसके अलावा 24 मंत्रियों सहित 165 प्रतिनिधि बैठक में भाग लेंगे। बैठक में आईएलओ, ओईसीडी और विश्व बैंक समेत अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा नियोक्ता संघों के प्रमुख भी शामिल होंगे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नव नियुक्त ए एन एम को मिला नियुक्ति पत्र

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभगार में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से एएनएम के पद पर चयनित 19 नवनियुक्त ए एन एम को विधायक बलरामपुर सदर पलटू राम द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान विधायक कहा कि एएनएम की नियुक्ति होने से उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी।

स्वास्थ सेवाओं को बेहतर करने के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। आज एएनएम बहनों ने नियुक्ति पत्र पाने के बाद प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।उन्होंने नियुक्ति पत्र पाने वाली सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में कल्याणकारी बदलाव लाने और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जिन बहनों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। उन पर आज से अपने स्वास्थ्य के साथ ही दूसरों के स्वास्थ्य की भी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ सुशील कुमार डी पी एम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय दिल्ली में भारतीय शिक्षण मंडल का 21 दिवसीय अनुभूति शिविर सम्पन्न

## वैश्विक शिक्षा व्यवस्था में अतिविशिष्ट है भारत की गुरुकुल परम्परा: शंकरानंद

- कार्यक्रम के दौरान राजीव नयन ओझा ने एकल गीत जबकि वर्ग-गीत चन्दन कुमार एवं उनकी टीम ने प्रस्तुत किया

नई दिल्ली। भारतीय शिक्षण मण्डल के दिल्ली प्रान्त द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, द्वारका में आयोजित 21 दिवसीय अनुभूति शिविर के समापन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ़ कॉलेज प्रो0 बलराम पाणी ने कहा कि अनुभूति शिविर व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है, साथ ही यह चारित्रिक विकास की बुनियाद भी रखता है। सामाजिक अनुभूति प्रेरणा देने का कार्य करती है जिससे देशहित में कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होता है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मण्डल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. शंकरानंद ने कहा कि अनुभूति शिविर जीवन को दिशा देता है, असली चुनौती इसके आनुभविक बातों को जीवन में आत्मसात करना है। जीवन पथ पर निरन्तर चलना पड़ता है, साथ ही स्वयं में बदलाव के लिए सदैव यौगिक अभ्यास की आवश्यकता होती है। उन्होंने आगे कहा कि चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करके आगे बढ़ना ही जीवन है। परिस्थितियों का सामना करने के लिए ऐसा अनुभूति शिविर दिशा देने का कार्य करता है। अनुभूति के बिना जीवन में स्पष्टता नहीं आती है।


वर्तमान परिवेश में अनुभूति परक शिक्षा को आवश्यक बताते हुए उन्होंने आगे कहा कि इससे देशहित में कार्य करने के लिए पराक्रमी एवं बौद्धिक योद्धा तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत अपने त्याग और ज्ञान के लिए दुनिया में विशिष्ट पहचान रखता है। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो0 अजय सिंह ने कहा कि सीखने की अनुभूति व्यक्ति को आंतरिक दृढ़ता प्रदान करती है, यह न सिर्फ सामाजिक संरचना को समझने का अवसर देती है अपितु इससे नेतृत्व क्षमता का विकास भी होता है। दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 हेमचन्द्र जैन ने कहा कि भारत की गुरुकुल परम्परा अतिविशिष्ट है। अच्छी दिनचर्या, अनुशासित जीवन, योग, विषम परिस्थिति में कार्य करने की तैयारी, राष्ट्रहित के लिए मानसिक सुदृढ़ता, और निष्ठावान बनने की प्रेरणा जीवन को सहज बनाता है।

अनुभूति शिविर वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान राजीव नयन ओझा ने एकल गीत जबकि वर्ग-गीत चन्दन कुमार एवं उनकी टीम ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मंजू गोयल ने जबकि प्रो0 रवि टेकचन्दानी ने कृतज्ञता ज्ञापित किया।

### राष्ट निर्माण में सक्रिय भागीदारी करें छात्र

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि उन्हें निडर होकर अपने विचार रखने चाहिए और देश की सेवा करनी चाहिए। धनखड़ ने उप राष्ट्रपति निवास में चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल के छात्रों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल भारत के श्रेष्ठ शिक्षा संस्थानों में से एक हैं जहां युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और बेहतरीन शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जाता है। ये छात्र सैनिक स्कूल अंडर-14 फुलबाल टीम के सदस्य हैं और गोलपाड़ा, असम में आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेकर लौट रहे हैं। इस चैंपियनशिप में चित्तौड़गढ़ की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उपराष्ट्रपति स्वयं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के छात्र रहे हैं। उन्होंने सन 1962 से 1967-68 तक वहाँ शिक्षा प्राप्त की थी। छात्रों ने उपराष्ट्रपति को स्मृति-चिह्न, स्कूल कैप और हाथ से बनी धनखड़ की पेंटिंग भेंट की।

### राज्यमंत्री समाज कल्याण द्वारा युवक व महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप वितरित की खेल सामग्री




**सोनभद्र।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, सोनभद्र के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत महानिदेशालय द्वारा इस जनपद के 90 युवकों एवं 90 महिलाओं यानी कुल 180 मंगल दलों के लिए उपलब्ध करायी गयी प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री का वितरण संजीव कुमार, राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश ने वितरित किये विशिष्ट खेल स्टेडियम, तियरा, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में। इसके पूर्व शशि भूषण शर्मा जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं डी0पी0 सिंह जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से राज्य मंत्री का स्वागत बैज अलंकरण व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान राज्य मंत्री ने ग्रामीण युवाओं व युवतियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप गाँवों में जाकर खेल गतिविधियों को संचालित करायें तथा अधिक से अधिक युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करें ताकि आप खेल के क्षेत्र में अपने गाँव, जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करें जिससे सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में किए जा रहे सद्प्रयासों को सफल बनाया जा सके। इस मौके पर मोहन सिंह कुशवाहा सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र चुर्क, डी0पी0 सिंह, जिला क्रीड़ाधिकारी सोनभद्र प्रदीप कुमार सिंह, व्यायाम प्रशिक्षक रवि शंकर कुशवाहा, बी.ओ.पी.आर.डी. राबर्ट्सगंज अनुज त्रिपाठी, बी.ओ.पी.आर.डी. घोरावल धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बी.ओ.पी.आर.डी. दुद्धी विकास दूबे, बी.ओ.पी.आर.डी. म्योरपुर महफूज अली खान, मनोज कुमार दीक्षित, नन्द किशोर सिंह, जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।